तापमान

अधिकतम 40.6 डिग्री

न्यूनतम 25.8 डिग्री

# हरिभूमि रायपुर भूमि

रायपुर, मंगलवार 14 अप्रैल 2026



6 साय बोले- महिला आरक्षण से आधी...





9 दो घंटे के भीतर 78 ई-रिक्शा के चालक...




# मुंबई-रायपुर के बीच चौथी उड़ान एक मई से, दोपहर ढाई बजे होगी लैंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

**अलग खबर**

## अभी सुबह, शाम और रात में संचालित होती है 3 फ्लाइट

मुंबई-रायपुर के बीच एक मई से चौथी उड़ान संचालित करने की घोषणा इंडिगो एयरलाइंस ने की है। यह फ्लाइट दोपहर 2.25 बजे रायपुर में लैंड होगी और 2.55 बजे मुंबई के लिए वापस टेकऑफ होगी। अभी सुबह, शाम और रात के वक्त फ्लाइट रायपुर पहुंचती है। नई उड़ान से यात्रियों को दोपहर के वक्त भी आवाजाही की सुविधा मिल पाएगी।

व्यास हॉलीडेज के संचालक कीर्ति व्यास ने बताया कि इंडिगो एयरलाइंस द्वारा जारी शेड्यूल के मुताबिक एक मई से उड़ान लिए तैयार फ्लाइट 6ई 6122 मुंबई से दोपहर साढ़े 12 बजे उड़ान भरकर दोपहर 2.25 बजे स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट रायपुर में लैंड होगी। यहां आधे घंटे के स्टापेज के बाद दोपहर 2.55 बजे टेकऑफ होकर 4.35 बजे मुंबई के एयरपोर्ट पर लैंड होगी। इस फ्लाइट के माध्यम से यात्रियों को दोनों शहरों के बीच दोपहर में अपनी यात्रा पूरी करने का विकल्प मिलेगा। अभी दोनों शहरों के बीच नियमित रूप से तीन फ्लाइट



का संचालन किया जाता है, मगर तीनों फ्लाइट सुबह फिर शाम और रात के शेड्यूल में संचालित होती है। काफी समय से दोपहर के वक्त फ्लाइट चलाने की डिमांड की जा रही थी, जो इस विमान के माध्यम से पूरी हो गई। मुंबई-रायपुर-मुंबई के बीच नियमित रूप से उड़ान भरने वाली फ्लाइट में यात्रियों की संख्या काफी होती है, इसलिए इसका किराया भी सामान्य से ज्यादा होता है। छुट्टियों के सीजन में ठंडे प्रदेश अथवा दूसरे देश की ओर जाने वाले यात्री अपना सफर मुंबई जाकर शुरू करते हैं। इस फ्लाइट के माध्यम ऐसे यात्रियों को भी काफी सुविधा होगी।

### करीब ढाई साल पहले बंद हुई थी 4थी उड़ान

*रायपुर-मुंबई को जोड़ने एयर इंडिया की फ्लाइट मुंबई-रायपुर-विशाखापट्नम के बीच संचालित होती थी। विमानन कंपनी द्वारा अपना कारोबार समेटने के दौरान इस फ्लाइट के संचालन को बंद कर दिया गया था। इसके बाद से दोनों शहरों के बीच आवाजाही तीन विमान के भरोसे हो गई थी। एक मई से नई फ्लाइट का संचालन शुरू होगा, जो यात्रियों के सफर को आसान करेगा। वापसी के बाद एयर इंडिया दिल्ली-रायपुर-दिल्ली के बीच फ्लाइट संचालित कर रही है।*

### शुरू होने से पहले बंद हुई जयपुर की बुकिंग

*विमानन कंपनी ने यात्री सुविधा को ध्यान में रखते हुए रायपुर-जयपुर के बीच कनेक्टिंग फ्लाइट शुरू करने की घोषणा की थी। यह फ्लाइट हैदराबाद होकर जयपुर के लिए रवाना होती। शेड्यूल जारी करने के बाद इसकी बुकिंग शुरू की गई थी मगर दो दिन बाद तकनीकी कारणों का हवाला देकर इसे बंद कर दिया गया। वर्तमान में रायपुर से जयपुर के बीच सीधी विमान सेवा नहीं है। इस शहर के लिए आवाजाही करने वाले यात्रियों दूसरे शहर जाकर फ्लाइट बदलकर अपने गंतव्य तक पहुंचना पड़ता है।*

## खबर संक्षेप

### कैमरा बेचने के नाम पर ठगी, दो आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर।** पुरानी बस्ती पुलिस ने ओएलएक्स से ऑनलाइन कैमरे बेचने के नाम पर एक युवती से दो लाख रुपए ठगी करने के आरोप में बिहार से दो जालसाजों को गिरफ्तार किया है। ठगी करने के आरोप में पुलिस ने बिहार समस्तीपुर निवासी धीरज कुमार महतो तथा सुबोध सिंह को धर-दबोचा है। पुलिस ने दोनों आरोपियों की कॉल डिटेल तथा बैंक ट्रांजेक्शन की जानकारी जुटाकर गिरफ्तार किया है।

### गोदाम का शटर काटकर चोरी, आधा दर्जन गिरफ्तार



**रायपुर।** खमतराई पुलिस ने गोदाम का शटर काटकर 95 हजार रुपए कीमत के जीआई मोबिल 2950 नग एवं जीआई ज्वाइंट बाक्स 60 नग चोरी करने के आरोप में जैन मरकाम उर्फ बजरंगी, मन्नू सोनवानी, शेरा नागरची, शिवा नागरची, ओमप्रकाश उर्फ कृष्णा भारती, गोपी नेताम को गिरफ्तार किया है। शातिरों ने 10 अप्रैल को रावांभाठा ट्रांसपोर्ट नगर स्थित केवी इंटरप्राईजेस के गोदाम में चोरी की थी। मन्नू सोनवानी आर्म्स एक्ट एवं ओमप्रकाश भारती पूर्व में लूट एवं आबकारी एक्ट के प्रकरण में जेल जा चुके हैं।

### सूने मकान में धावा चार लाख की चोरी



**रायपुर।** तेलीबांधा थाना क्षेत्र में एक सूने मकान को निशाना बनाकर अज्ञात चोरों ने नकदी तथा जेवरों समेत 4 लाख से अधिक के सामान पर हाथ साफ दिया। अजय ठाकुर ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। अजय ने पुलिस को बताया कि 10 अप्रैल की रात वह अपनी फल दुकान पर था, जबकि उसकी मां घर पर मौजूद थीं और पत्नी पड़ोसी के यहां शादी समारोह में गई हुई थीं। इसी दौरान अज्ञात चोरों ने घर में घुसकर आलमारी का ताला तोड़ दिया। अगले दिन जब परिजनों ने आलमारी देखी तो सामान बिखरा मिला और उसमें रखे सोने-चांदी के जेवर गायब थे।


छ.ग.-प्री.बी.एड. प्रवेश परीक्षा 2026

ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन अंतिम तिथि 24/04/2026 (संध्या 5 बजे तक)

बी.एम. कॉलेज

गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग

8770638793, 9300850065

9340311314, 9303893829


## वार्डों में रखे गए बड़े-बड़े कूलर पर मेंटेनेंस करने और पानी भरने वाला कोई नहीं

# चालीस डिग्री तक पहुंचा पारा, 'आंबेडकर' में भर्ती मरीजों को सूखे कूलरों का सहारा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

**खास खबर**

अधिकतम तापमान के चालीस डिग्री के पार होने के बाद भी आंबेडकर अस्पताल के वार्डों में भर्ती मरीजों को बिना पानी के चलने वाले सूखे कूलरों का सहारा है। राहत के नाम पर वार्डों में बड़े-बड़े कूलर तो रखे गए हैं, मगर उसके रखरखाव के साथ पानी भरने वाला कोई नहीं है। ओपीडी रूम के साथ इमरजेंसी एंड ट्रामा में एसी की मरम्मत का काम जरूरत के हिसाब से चल रहा है।

प्रदेश में पिछले दो दिनों से चालीस डिग्री की गर्मी पड़ने लगी है। इससे राहत के लिए घरों के साथ तमाम स्थानों पर कूलर-एसी का उपयोग शुरू हो गया है। आंबेडकर अस्पताल के विभिन्न वार्डों में भर्ती मरीजों को राहत देने के लिए कूलरों को ▶▶ शेष पेज 8 पर

### सेंट्रलाइज कूलिंग सिस्टम की कमी

आंबेडकर अस्पताल में सेंट्रलाइज कूलिंग सिस्टम की जरूरत काफी महसूस की जाती है। आंबेडकर अस्पताल के पुराने भवन में इसका इंतजाम नहीं हो पाने की वजह से गर्मी से राहत के लिए कूलरों का उपयोग करना पड़ रहा है। इतना ही नहीं, इन कूलरों के रखरखाव के लिए भी हर साल हजारों रुपए खर्च करने पड़ते हैं। कूलिंग सिस्टम की व्यवस्था यहां मुश्किल है। इसलिए प्रस्तावित नए भवन बनाए जा रहे हैं उसमें सेंट्रलाइज कूलिंग सिस्टम का प्रावधान किया गया है।

### निविदा जारी की गई

कूलर की मरम्मत और पानी की आपूर्ति के लिए निविदा जारी कर दी गई है, एसी की मरम्मत पीडब्लूडी द्वारा की जा रही है।

- **डा. संतोष सोनकर,** चिकित्सा अधीक्षक, आंबेडकर अस्पताल







ज्यादातर ओपीडी के साथ इमरजेंसी एंड ट्रामा में लगी एसी की चल रही मरम्मत

### ठंडे पानी का पर्याप्त इंतजाम

*अस्पताल में भर्ती और आने वाले मरीजों के साथ चिकित्सकीय स्टाफ के लिए ठंडे पानी की व्यवस्था के लिए विभिन्न स्थानों पर दर्जनभर से ज्यादा वाटर कूलर लगाए गए हैं। वार्डों के बाहर मौजूद वाटर कूलरों से अभी ठंडा पानी आ रहा है। वार्ड के बाहर मौजूद परिजनों का कहना है कि सुबह के वक्त को इन वाटर कूलरों से ठंडा पानी मिलता है, मगर दोपहर बाद ज्यादा उपयोग की वजह से पानी की शीतलता गायब हो जाती है।*

## दूसरे दिन भी तापमान 40 के पार, उत्तर-पश्चिम की गर्मी लाएगी ग्रीष्म लहर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी में दूसरे दिन भी 40.6 डिग्री की गर्मी रही। अभी उत्तर-पश्चिम से आने वाली गर्म हवा प्रदेश को झुलसाएगी। सोमवार को राजनांदगांव सबसे गर्म रहा और यहां का पारा 42 डिग्री तक पहुंचा। 15 अप्रैल से मध्य इलाके में भारी गर्मी पड़ने की संभावना है, अभी उत्तरी इलाके में मौसम थोड़ा राहत वाला है।

- राजनांदगांव सबसे गर्म, 42 तक पहुंचा पारा

प्रदेश में मौसम का रुख बदलने लगा है। इस बार उत्तर पश्चिम से गर्म और शुष्क हवा का आगमन लगातार जारी है, जिसके कारण अधिकतम तापमान में अगले दो दिनों में दो से तीन डिग्री के आसपास वृद्धि होने की संभावना है। गर्म हवा ने पिछले दो दिनों से मध्य इलाके में अपना असर दिखाना शुरू किया है। खासकर रायपुर और दुर्ग संभाग का पारा तेजी से चढ़ रहा है। रविवार को रायपुर सबसे गर्म रहा, मगर सोमवार को राजनांदगांव की गर्मी ने इसे पीछे छोड़ दिया। तेज गर्मी और धूप के प्रभाव से बचने के लिए दिन में लोग मास्क और स्कार्फ लगाकर आवाजाही करते नजर आए। रायपुर में पिछले साल अप्रैल का पारा 44 डिग्री के पार हो गया था। इस बात का अनुमान है कि इस बार गर्मी के तेवर पिछले साल की तुलना में थोड़े कम रहेंगे।

## प्लास्टिक की बोतल में पहुंची देसी शराब की पहली खेप, जिन दुकानों में पुराना स्टॉक खत्म, वहां सप्लाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

आबकारी विभाग के नये नियम के तहत शराब दुकानों में देशी और चीप रेंज की शराब कांच की जगह प्लास्टिक बोतल में बिक्री होनी है। यह नियम वैसे एक अप्रैल से लागू हो चुका है, लेकिन अब तक अनुबंधित कंपनियों में से सिर्फ दो कंपनियां ही प्लास्टिक बोतल में शराब की आपूर्ति शुरू कर पाई हैं। इसके तहत सोमवार को रायपुर जिले में शोले और शेरा ब्रांड देशी शराब की पहली खेप भी उतर चुकी है। इस खेप के उतरते ही उन शराब दुकानों में इसकी सप्लाई भी शुरू हो गई है, जहां पुराना स्टॉक खत्म होने वाला है या हो चुका है। आबकारी विभाग के अधिकारियों के अनुसार पुरानी देशी शराब का स्टॉक अब महज एक-दो दिन का ही बचा है। स्टॉक खत्म ▶▶ शेष पेज 8 पर

### पहले खेप में जिले के लिए 2400 पेटी पहुंची

पहले खेप में जिले में संचालित शराब दुकानों के लिए पौवा शराब की 2400 पेटियों की सप्लाई की गई है, जिसे दो ब्रांड शेरा देशी मसाला एवं शोले प्लेन देशी शराब शामिल हैं। इन दोनों ब्रांड की शराब की खेप के अनुसार विभाग ने शराब दुकानों में सप्लाई भी शुरू कर दिया है।

### दो दिन में खत्म हो जाएगा पुराना स्टॉक

देशी और चीप रेंज शराब का पुराना स्टॉक अब सिर्फ एक-दो दिन का ही बचा है। जिले में हर दिन 6 हजार पेटी चीप रेंज की शराब तथा 3 हजार पेटी के करीब देशी शराब की पेटी की खपत है। इसके अनुसार जिले में कांच बोतल शराब का पुराना स्टॉक लगभग खत्म होने को है। ऐसे में अगर कंपनियों के द्वारा आज-कल की स्थिति में प्लास्टिक शराब बोतल की सप्लाई नहीं की गई, तो दुकानों में ड्राई की स्थिति भी बन सकती है।

### प्रदेश में चीप-देशी शराब की आपूर्ति के लिए 15 कंपनियों से अनुबंध

आबकारी विभाग के अंतर्गत प्रदेशभर में संचालित शराब दुकानों में देशी और चीप रेंज की शराब की आपूर्ति के लिए विभाग का कुल 15 कंपनियों से अनुबंध है। इनमें चीप रेंज की शराब की आपूर्ति के लिए 11 कंपनियों से तथा देशी शराब के लिए 4 कंपनियों से अनुबंध है। विभागीय सूत्रों के अनुसार एक अप्रैल से नया नियम लागू होने के पहले से सभी कंपनियां कांच की जगह प्लास्टिक बोतल में शराब पैकिंग के सेटअप की तैयारी में जुट गई थीं, लेकिन आज की स्थिति में अभी तक महज दो कंपनियां ही प्लास्टिक बोतल शराब की सप्लाई शुरू कर पाई हैं।

## चंपारण में अवैध रूप से चल रहा था बाल आश्रम, 14 बच्चे रेस्क्यू किए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रायपुर जिले के अभनपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम चंपारण में एनजीओ से जुड़े कुछ लोग अवैध रूप से बाल आश्रम चला रहे थे। इसकी शिकायत मिलने पर कलेक्टर गौरव सिंह के निर्देश पर जिला बाल संरक्षण इकाई, महिला एवं बाल विकास विभाग, रायपुर एसोसिएशन फॉर वॉलंटरी एक्शन तथा चाइल्ड हेल्पलाइन की संयुक्त टीम ने इस आश्रम में दबिश दी। इस दौरान आश्रम से 14 बच्चों को रेस्क्यू किया गया। सभी बच्चों को रेस्क्यू करने के बाद बाल केंद्र में रखा गया है। इधर जांच टीम में शामिल एक अधिकारी ने बताया कि आश्रम अवैध रूप से चलाया जा रहा था। फिलहाल बच्चों को रेस्क्यू किया है, जांच अभी जारी है। जिला बाल संरक्षण अधिकारी संजय कुमार निराला ने बताया कि ▶▶ शेष पेज 8 पर

- कलेक्टर गौरव सिंह के निर्देश पर कार्रवाई



### बच्चों के परिजनों से होगी पूछताछ

इस मामले में रेस्क्यू किए गए बच्चों से भी काउंसलिंग के माध्यम से पूछताछ की जाएगी। इसके साथ उनके परिजनों को भी पूछताछ के लिए बुलाया गया है। पूछताछ के दौरान यह पता लगाया जाएगा कि आखिर किन कारणों से बच्चों को रहने के लिए आश्रम भेजना पड़ा। कहीं किसी दबाव या लालच में तो बच्चों को आश्रम भेजा नहीं गया है या फिर अन्य कोई कारण तो नहीं है, जिससे बच्चों के भविष्य पर असर पड़ सकता है।

एनसीटीई ने दी मंजूरी लेकिन राज्य में अटकी अर्जी

## उच्च शिक्षा-स्कूल शिक्षा में उलझे बीएड पाठ्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत प्रस्तावित बीए-बीएड, बीएससी-बीएड और बीकॉम-बीएड पाठ्यक्रमों को लेकर अनिश्चितता की स्थिति निर्मित हो गई है। नेशनल काउंसिल फॉर टीचर्स एजूकेशन द्वारा इन पाठ्यक्रमों के संचालन के लिए अनुमति प्रदान कर दी गई है, लेकिन स्टेट बॉडी से अनुमति नहीं मिलने के कारण महाविद्यालय प्रबंधन परेशान है। शैक्षणिक सत्र 2026-27 में बीए-बीएड, ▶▶ शेष पेज 8 पर

### गतिरोध की स्थिति

प्रदेश में दो विभागों के मध्य हो रहा गतिरोध शैक्षणिक व्यवस्थाओं को प्रभावित कर रहा है। सरकार जल्द समाधान निकालें, अन्यथा पाठ्यक्रम तय समय पर प्रारंभ नहीं किए जा सकेंगे।

- **राजीव गुप्ता,** संयोजक, निजी शिक्षा महाविद्यालय

### इसे ऐसे समझें

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के पूर्व तक बीएड तथा बीए, बीकॉम, बीएससी पृथक पाठ्यक्रम थे। बीएड जहां दो वर्षीय पाठ्यक्रम था तो वहीं बीए, बीकॉम, बीएससी तीन वर्षीय स्नातक पाठ्क्रम। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत इसे इंटीग्रेटेड पाठ्यक्रम में तब्दील कर दोनों को आपस में जोड़ दिया गया। अब तक स्नातक करने के बाद बीएड की पात्रता होती थी। इस तरह से बीएड की डिग्री लेने विद्यार्थियों को पांच वर्ष का समय लगता था।

### राज्य के 33 जिलों के लिए खरीदी गई थी 35 मोबाइल फोरेंसिक वैन

# चार माह से खड़ी हैं 35 क्राइम इन्वेस्टिगेशन फोरेंसिक वैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हाईटेक तरीके से क्राइम इन्वेस्टिगेशन करने राज्य के 33 जिलों के लिए चार माह पूर्व 21.35 करोड़ रुपए की लागत से 35 मोबाइल फोरेंसिक वैन की खरीदी की गई थी। सभी गाड़ियां अमलेश्वर में उपेक्षित हालत में खड़ी हैं। गाड़ियों की आपूर्ति दिसंबर में की गई है। आपूर्ति के बाद से मोबाइल फोरेंसिक वैन को अमलेश्वर में पार्क किया गया है। जिलों में अब तक वैन को आबंटित नहीं किया गया है। नया बीएनएस कानून लागू होने के बाद सभी तरह के अपराधों की फोरेंसिक जांच अनिवार्य कर दी गई है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने फोरेंसिक वैन खरीदने टेंडर जारी ▶▶ शेष पेज 8 पर

- फोरेंसिक वैन से मौके पर ही वैज्ञानिक तरीके से साक्ष्य कलेक्शन करने मिलेगी मदद



### अब तक अंतिम निर्णय नहीं ले पाए

मोबाइल फारेंसिक वैन के संचालन और जिलों में आवंटन के लिए एक समिति बनाई गई थी। यह समिति लंबे समय तक अंतिम निर्णय नहीं ले पाई। यही कारण है कि सप्लाई पूरी होने के बावजूद वाहन उपयोग में नहीं आ सके। हाल ही में इस दिशा में कुछ प्रगति होने की जानकारी सामने आई है। अधिकारियों का कहना है कि सेंट्रल टीम द्वारा वाहनों का निरीक्षण किया जा चुका है और उनकी रिपोर्ट मिलते ही जल्द आवंटन प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

### अपराध जांच की गुणवत्ता में सुधार होगा

सभी तरह के अपराधों की जांच के लिए दिल्ली, मध्यप्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र, और उत्तरप्रदेश जैसे राज्यों में यह सुविधा पहले से लागू है। अब छत्तीसगढ़ में भी इसे शुरू करने की तैयारी है। मोबाइल फोरेंसिक वैन के होने पर विशेष रूप से दूरस्थ वनांचल जिलों में अपराध जांच की गुणवत्ता में सुधार होने की उम्मीद है। एफएसएल के डायरेक्टर सुशील चंद्र द्विवेदी के अनुसार सेंट्रल टीम मोबाइल फोरेंसिक वैन की जांच करने आई थी। रिपोर्ट मिलते ही सभी जिलों में उक्त मोबाइल फोरेंसिक वैन को आबंटित करने की बात कही।

### चलती फिरती लैब

मोबाइल फारेंसिक वैन एक चलती-फिरती लैब है, जो सीधे क्राइम सीन पर पहुंचकर जांच में मदद करती है। इसमें डीएनए, फिंगरप्रिंट, जैविक साक्ष्य, बाल, फाइबर, गोली और विस्फोटक अवशेषों की मौके पर ही जांच की सुविधा होती है। साक्ष्यों को सुरक्षित पैक करने की व्यवस्था फोटो-वीडियो रिकार्डिंग, सीन स्कैच तैयार करने और साक्ष्यों को सुरक्षित पैक करने की व्यवस्था भी वैन में मौजूद है। मल्टी ट्यूनेबल लाइट सोर्स से छिपे हुए साक्ष्यों की पहचान मोबाइल फोरेंसिक वैन से आसान होती है। जिन राज्यों में यह सेवा पहले से लागू है, वहां क्राइम इन्वेस्टिगेशन की गुणवत्ता में सुधार हुआ है।


समस्त प्रदेशवासियों को
डॉ बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर
की 135 जयंती की
हार्दिक शुभकामनायें
लाखे नगर गौतमनगर बुद्ध विहार समिति
श्री दिनेश चंद्रमन डोंगरे (दीना)
विशाल रैली में आप सभी का स्वागत है शाम 5 बजे।

## खबर संक्षेप



### संगेरा में अंगना में शिक्षाव पढ़ई तिहार का मनाया

**तरपोंगी।** शासकीय प्राथमिक शाला सुंगेरा में अंगना में शिक्षा एवं पढ़ई तिहार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से शिक्षा को विद्यालय की चार दिवारी से निकाल कर घर-घर तक पहुंचाने की पहल की गई। जिसमें स्थानीय माताओ ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। इस अभियान के मुख्य बिंदु घर में ब्लैक बोर्ड बनाकर प्रतिदिन गतिविधि करने गर्मी की छुट्टियों में बच्चों को डिहाइड्रेशन से बचाने और स्वच्छ गणवेश आदि पर विस्तार से चर्चा किया गया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की शिक्षिका नीलिमा जायसवाल के द्वारा किया गया उन्होंने अंगना में शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए माता को बच्चों की प्रथम गुरु के रूप में उनकी भूमिका समझाएं तथा घर पर समर कैंप संचालन हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधान पाठक संतोष कुमार सुपल भगत, शिक्षक बरसाती लाल ध्रुव, गिरधर लाल बांधे, पुराणिक लाल मनहरे, संतोष भारती आदि उपस्थित थे।

### भाजपा ने बंगाल चुनाव में झोकी पूरी ताकत

**सिलयारी।** पश्चिम बंगाल चुनाव 2026 में भाजपा ने पूरी ताक़त से चुनाव प्रचार में पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को विभिन जिले की कमान सौंपी है। छत्तीसगढ़ बीजेपी ने भी अपने मंत्री सहित वरिष्ठ भाजपा नेताओं को विभिन्न जिलो में पार्टी प्रचार में लगा दिया है। पश्चिम बंगाल में भाजपा इस बार सरकार बनाने का लक्ष्य लेकर काम कर रही हैं इसी कढ़ी में भाजपा के क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल भी पार्टी कार्यकर्ताओं का जोश बढ़ाने पश्चिम बंगाल पहुंचे जहां उन्होंने काली मंदिर जाकर दर्शन किए और माँ काली से प्रदेश की सुख समृद्धि की कामना की ज्ञात हो की भाजपा के बहुत से नेता और कार्यकर्ता वहाँ डटे हुए हे भाजपा कार्यकर्ता वहाँ जाकर स्थानीय कार्यकर्ता के साथ रात दिन डट कर उनका पूरा सहयोग कर रहे हैं इस अवसर पर वहाँ महीनों से कार्य कर रहे भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसयोजक नितिन गौरीशंकर अग्रवाल दिनेश अग्रवाल भी विशेष रूप से उपस्थित थे ।

### मनाव कुर्मी समाज के धुरंधर बने निर्विरोध नगर अध्यक्ष



**तरपोंगी।** छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज धरसींव राज के नगर इकाई बिरगांव का निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। बिरगांव इकाई के अध्यक्ष कांशी राम वर्मा का आकस्मिक निधन पर नियमानुसार छः महीनों के भीतर अध्यक्ष का चुनाव कराया गया। बिरगांव के अध्यक्ष पद हेतु निर्वाचन विषयक अधिसूचना जारी करते हुए क्रमबद्ध निर्वाचन प्रक्रिया का उल्लेख कर प्रकाशित किया। तय समय में नामांकन की प्रक्रिया अपनाई गई। जहां केवल एक ही व्यक्ति शेष कुमार धुरंधर द्वारा ही नामांकन भरा गया। इस प्रकार नगर इकाई बिरगांव का अध्यक्ष निर्विरोध चुन लिए गए। शेष कुमार धुरंधर को बिरगांव में निवासरत मनवा कुर्मियों को संगठित करने का श्रेय जाता है। लगभग 45 वर्षों से वह समाज के नगर इकाई से लेकर राज एवं केंद्र में विभिन्न पदों पर रह कर समाज सेवा अनवरत करते आ रहे हैं।
राजेश वर्मा, जीतेन्द्र वर्मा, केवल वर्मा, संत कुमार, ईश्वरी कश्यप, उषा वर्मा, माहेश्वरी वर्मा, विजेता वर्मा, बिंदिया वर्मा, सुखराम वर्मा, अशोक कुमार, भुनेश्वर वर्मा, भूपेंद्र बघेल, संतोष वर्मा, टिकेश्वर वर्मा, अलखराम वर्मा, समय लाल वर्मा, लेखु वर्मा, अभिनव नायक, राजकुमार कश्यप, अश्वनी कश्यप, दशरथ वर्मा, रूद्र कुमार वर्मा, दिलेंद्र बंछोर,केशव,ऋषि वर्मा,यशवंत वर्मा,जगदीश वर्मा, पवन वर्मा, नेतु वर्मा,शंकर लाल वर्मा,आदि ने शुभकामनाएं प्रेषित किए है।

# चिकन-मटन दुकानों पर चला नगर पालिका का बुलडोजर, अवैध टीन शेड हटाए गए

## धार्मिक स्थलों और स्कूलों के पास अतिक्रमण से नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

नगर पालिका प्रशासन ने सब्जी बाजार के सामने स्थित मांस-मछली की दुकानों द्वारा किए गए अवैध अतिक्रमण पर बड़ी कार्यवाही की है। सोमवार को मुख्य नगरपालिका अधिकारी सौरभ शर्मा के नेतृत्व में अमले ने जेसीबी के साथ दुकानों के सामने मनमाने ढंग से लगाए गए टीन शेड को हटाने की प्रक्रिया शुरू की।

प्रशासन की सख्ती देख कई दुकानदारों ने नुकसान से बचने के लिए स्वयं ही अपने ठेले और शेड हटा लिए।

विदित हो कि जिस स्थान पर ये दुकानें संचालित हैं, वहीं पास में विकासखंड मुख्यालय के प्रमुख कार्यालय, सरकारी अस्पताल का मुख्य गेट, शासकीय स्कूल, गायत्री मंदिर और शिव मंदिर स्थित हैं।

स्थानीय जनता और विभिन्न धार्मिक संगठन वर्षों से इन दुकानों को यहाँ से हटाने की मांग कर रहे हैं। विरोध के बावजूद दुकानदारों ने न केवल पक्का निर्माण कर लिया था, बल्कि सड़कों तक टीन शेड तान दिए थे।

### हाईकोर्ट के आदेश की अवहेलना

इस मामले में चौंकाने वाली बात यह है कि माननीय उच्च न्यायालय का भी निर्णय आ चुका है कि इन चिकन-मटन दुकानों को अन्यत्र स्थानांतरित किया जाए। इसके बावजूद, अब तक ठोस कार्यवाही न होने से दुकानों का विस्तार लगातार जारी था।



### कार्रवाई की जाएगी

सौरभ शर्मा सीएमओ, अभनपुर ने कहा की बिना अनुमति के किए गए अवैध अतिक्रमण और टीन शेड को हटा दिया गया है। आगामी चरण में अवैध पक्के निर्माणों को भी ध्वस्त किया जाएगा। साथ ही, इन दुकानों के नल कनेक्शन भी विच्छेद करने की कार्यवाही की जाएगी।

### अब कटेंगे नल कनेक्शन

कार्यवाही के दौरान ईंजीनियर दुष्यंत चौहान सहित नगर पालिका का पूरा अमला मौजूद रहा। नगर पालिका ने स्पष्ट किया है कि यह केवल शुरुआत है।

## मंत्री बंगले के बाहर कांग्रेस कार्यकर्ताओं की पुलिस के साथ झूमा-झटकी

# बायपास की मांग पर कांग्रेस ने किया जंगी प्रदर्शन और मंत्री बंगले को घेरा

हरिभमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

तिल्दा में सोमवार को कांग्रेस ने जोरदार प्रदर्शन किया। बाईपास रोड निर्माण, शहर की बिगड़ती यातायात व्यवस्था और अवैध जुआ-सट्टा के खिलाफ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सड़क पर उतरकर जबरदस्त विरोध जताया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे के नेतृत्व में कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ शासन के मंत्री टंकराम वर्मा के तिल्दा स्थित बंगले का घेराव किया। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि चुनाव के दौरान भाजपा द्वारा किए गए बाईपास रोड निर्माण के वादे को दो साल बाद भी पूरा नहीं किया गया है।

पूर्व निर्धारित समय 12 बजे दीनदयाल चौक पर बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एकत्रित हुए ,,यहां एक जन सभा का आयोजन किया गया सभा को जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे शैलेश नितिन त्रिवेदी मोतीलाल हिंदुजा .लक्ष्मी नारायण वर्मा.आदि ने संबोधित किया। कांग्रेसी नेताओ ने कहा कि शहर में अव्यवस्थित यातायात की वजह से आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही ट्रैफिक पुलिस की तैनाती नहीं होने से हालात और बिगड़ रहे हैं।नेताओ ने नगरपालिका अध्यक्ष के पति पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उनके द्वारा शहर में अतिक्रमण कराया जा रहा है, खाली जमीनों पर कब्जा किया जा रहा है और उनके द्वारा दबंगई की जा रही है।





### वादा किया पर बनाया नहीं : पप्पू बंजारे

कांग्रेस के रायपुर जिला ग्रामीण अध्यक्ष पप्पू बंजारे ने कहा कि तिल्दा में बाइपास रोड की मांग पिछले दो सालों से करते आ रहे हैं. चुनाव के दरमियान भाजपा ने वादा किया था कि सड़क का निर्माण कराया जाएगा लेकिन अब ध्यान नहीं दिया जा रहा है. बाईपास रोड नही होने के कारण शहर की ततायत व्स्था पूरी तरह से चरमरा गई है, जिसके करण आए दिन दुर्घटनाए हो रही है ।उन्होंने नगर पालिका अध्यक्ष पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा की,पालिका सरे काम कागजो पर हो रहे है ..अउन्होंने अध्यक्ष के पति जमीनों पर सरकारी जमीनों पर कब्जा करबेच का आरोप लगाया।बंजारे ने आरोप लगया की पुलिस की मिली भगत से तिल्दा में खुलेआम ऑनलाइन सट्टा हो रहा है।

### तिल्दा के साथ भेदभाव अन्याय किया जा रहा : त्रिवेदी

*कार्यक्रम में विशेष रूप से शामिल कांग्रेसी नेता शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा कि मंत्री के द्वरा विधान सभा के अन्य शहरो में बाईपास रोड बनवाए जा रहे हैं, लेकिन तिल्दा के साथ भेदभाव अन्याय किया रहा है। उन्होंने नगर पलिका अध्यक्ष पर मनमानी करने का आरोप लगते हाए कहा की दुकानदारो को अतिक्रमण का भय दिखाकर डराया धमकाया जा रहा है..उन्होंने कहा की जब टंकराम मंत्री बने तो विधान सभा के लोग खुश हुए थे ,लेकिन अब शहर और गाव लोग बहुत दुखी है गाव में जमीने कारखाना खोले जाने के नाम पर लुटी जा रही है ।.जनसुनवाई ठेके में चल रही है ,पंचायतो के रजिस्टरों में छेड़-छाड़ कर फर्जी एन ओसी जारी की जा रही है, इस बात को लेकर ग्रामीण आक्रोशित है।सभा को मोती हिंदजा.लक्ष्मीनारायण ने भी स्मोधित किया.। सभा के समापन बाद सभी कार्यकर्ता रेली निकाकर नारे बाजी करते हुए मंत्री के बंगले पहुंचे। जहा जमकर नारेबाजी की ।हालांकि,बंगले के बाहर भारी पुलिस बल तैनात होने के कारण प्रदर्शनकारियों को बंगले के अंदर जाने से रोक दिया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओ और पुलिस के बीच झुमा झटकी भी हुई रैली व प्रदर्शन में शहर कांग्रेस के अध्यक्ष अजितेश शर्मा, ग्रामीण अध्यक्ष बलदंउ राम साहू, कांग्रेसी नेता ओम ठाकुर ,राहुल तेजवानी, हर्षवर्धन शर्मा, नीरज राठी नानक छाबडिया के कृष्णमूर्ति देवदास टंडन .जगतु राम माडले.नविन अग्रवाल , सहित कांग्रेस के पार्षद के साथ बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए।*

### बड़गांव में निस्तारी पानी की मांग गंगरेल से जल छोड़ने का ज्ञापन



**आरंग।** लगभग 4 हजार की आबादी वाले ग्राम बड़गांव को इस वर्ष निस्तारी पानी की जरूरत महसूस हो रही है। पंचायत ने सिंचाई विभाग के संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन भेजकर सिंचाई नाली में कतिपय उद्योगपतियों द्वारा डाले गए व्यवधानों को हटवाकर तालाब भरवाने का आग्रह किया है। मांढर शाखा नहर से निकली करीब 13 किलोमीटर लंबी वितरक शाखा के 5 किलोमीटर लंबे माइनर नंबर 01 के अंतिम छोर में यह गांव पड़ता है, जहां डिमांड पर सिंचाई व निस्तारी पानी पहुंचाना भी व्यवहारिक दिक्कतों के चलते विभाग के लिए चुनौतीपूर्ण कार्य रहता है। इस माइनर के शुरुआती ग्राम सोनपैरी से कुटेसर में पानी आने के बाद माइनर को दो भागों में बांटकर तोड़गांव व बड़गांव को सिंचाई पानी देने की व्यवस्था है, लेकिन निस्तारी पानी की बात तो दूर, खरीफ सिंचाई के दौरान भी खासकर कुटेसर, बड़गांव व तोड़गांव तक सिंचाई पानी पहुंचाना दुष्कर हो जाता है। इसी के चलते या तो इन ग्रामों के ग्रामीणों ने, या फिर सिंचाई विभाग ने सिंचाई अनुबंध समाप्त कर दिया है और गाहे-बगाहे सिंचाई अथवा निस्तारी पानी की मांग पर डिमांड में पानी दिया जाता है, जिसे पहुंचाने में विभाग को काफी मशक्कत करनी पड़ती है और ग्रामीणों को भी जूझना पड़ता है। बहरहाल, बड़गांव के बांधा व एक तालाब को ट्यूबवेल से निस्तारी योग्य भरने के प्रयासों के बीच, अभी गर्मी के शेष महीनों को देखते हुए निस्तारी संकट से बचने हेतु ग्राम पंचायत बड़गांव के उपसरपंच बनवारी यादव ने अधीक्षण अभियंता एस.के. साहू, कार्यपालन अभियंता ललित रावटे, अनुविभागीय अधिकारी एमके खेलकर व सहायक यंत्री निखिल अग्रवाल को ज्ञापन सौंपा।

## बंगाल रण कर छत्तीसगढ़ भाजपा के दिग्गजों ने संभाली कमान



**धरसीवां/कूंरा।** पश्चिम बंगाल चुनाव 2026 में भाजपा ने पूरी ताक़त से चुनाव प्रचार में पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को विभिन जिले की कमान सीपी हे छत्तीसगढ़ बीजेपी ने भी अपने मंत्री सहित वरिष्ठ भाजपा नेताओं को विभिन्न जिलो में पार्टी प्रचार में लगा दिया है पश्चिम बंगाल में भाजपा इस बार सरकार बनाने का लक्ष्य लेकर काम कर रही हैं इसी कढ़ी में भाजपा के छेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल जी भी पार्टी कार्यकर्ताओं का जोश बढ़ाने पश्चिम बंगाल पहुंचे जहां उन्होंने काली मंदिर जाकर दर्शन किए और माँ काली से प्रदेश की सुख समृद्धि की कामना की ज्ञात हो की भाजपा के बहुत से नेता और कार्यकर्ता वहां डटे हुए हे भाजपा कार्यकर्ता वहाँ जाकर स्थानीय कार्यकर्ता के साथ रात दिन डट कर उनका पूरा सहयोग कर रहे हैं इस अवसर पर वहाँ महीनों से कार्य कर रहे भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसयोजक नितिन गौरीशंकर अग्रवाल दिनेश अग्रवाल भी विशेष रूप से उपस्थित थे ।

## राधाकृष्ण मंदिर में स्वास्थ्य शिविर का 45 लोगों ने लिया लाभ

आरंग। राधाकृष्ण मंदिर ट्रस्ट, आरंग के तत्वावधान में 12 अप्रैल को मंदिर परिसर में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन संपन्न हुआ। इस शिविर में मुख्यतः गुटखा, तंबाकू, बीड़ी, धूम्रपान, ई-सिगरेट या अन्य व्यसन करने वाले लोगों की विशेष मशीन से जांच की गई।साथ ही सभी हितग्राहियों का ब्लड प्रेशर, शुगर, फेफड़ों की कार्य क्षमता एवं सामान्य रोगों की निःशुल्क जांच की गई। उक्त सभी जांच डॉ. ऋतुवंद्रा मल्होत्रा (एमडीएस ) के मार्गदर्शन एवं विशेषज्ञों द्वारा की गई। इस शिविर का 45 लोगों ने



लाभ लिया और इसे लोकहितकारी बताया। शिविर के समापन पर मंदिर के सर्वराकार सावन शुक्ला द्वारा डॉ. मल्होत्रा एवं उनके सहयोगियों को प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान कर सादर धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## देवांगन समाज के अधिवेशन में सम्मान समारोह



**आरंग।** जिला रायपुर अंतर्गत देवांगन समाज कोरासी राज का वार्षिक अधिवेशन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जिसमें देवांगन समाज के गौरव के रूप में आईएएस अधिकारी अश्वनी देवांगन, मिशन संचालक, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन का विशेष सम्मान किया गया। इस अवसर पर उनकी माता अनुसुईया देवांगन (सकरी) भी उपस्थित रहीं। कोरासी राज के द्वारा अश्वनी देवांगन को /"मां परमेश्वरी रत्न/" सम्मान से सम्मानित किया गया। देवांगन ने समाज को संबोधित करते हुए युवाओं को संदेश दिया कि आप भी मेहनत करके अफसर बन सकते हैं। लगन के साथ कोई कार्य किया जाए तो सफलता अवश्य मिलती है। देवांगन समाज को हमेशा संगठित रहने की सलाह भी दी गई। इस अवसर पर कोरासी राज देवांगन समाज द्वारा प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान किया गया, जिसमें दसवीं, बारहवीं, कॉलेज स्तर में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र, मेडल एवं पाँच सौ रुपये देकर सम्मानित किया गया। इस सम्मान से सभी छात्र-छात्राएं एवं उनके पालक काफी खुश नजर आए और कोरासी राज के पदाधिकारियों का धन्यवाद व आभार व्यक्त किया। वार्षिक अधिवेशन का संचालन सोहन लाल देवांगन (सचिव, कोरासी राज) द्वारा अत्यंत रोचक एवं प्रभावी ढंग से किया गया, जिसकी सभी ने सराहना की।

# आरंग के रसोइया महाकुंभ में 600 को दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग



प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आज विकासखंड स्तरीय रसोइया प्रशिक्षण कार्यक्रम का भव्य आयोजन पीएमश्री शासकीय अरुंधती देवी विद्यालय में किया गया। इस प्रशिक्षण में विकासखंड के 48 संकुल के विभिन्न स्कूलों से आए रसोइयों को भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता और सुरक्षा मानकों की विस्तृत जानकारी दी गई। विकासखंड शिक्षा अधिकारी दिनेश शर्मा ने प्रशिक्षण की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रसोइया केवल कर्मचारी नहीं, बल्कि बच्चों के स्वास्थ्य के रक्षक हैं और उन पर बच्चों के सेहत की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। साथ ही भ्रांति दूर करते हुए कहा कि फोर्टीफाइड चावल प्लास्टिक चावल नहीं, अपितु डब्ल्यूएचओ के अनुसार यह कुपोषण एवं रक्त की कमी (एनीमिया) से लड़ने में प्रभावी है, जो मिड डे मील के माध्यम से उपलब्ध हो रहा है। उन्होंने सभी से शासन की गाइडलाइन के अनुसार बेहतर कार्य करने प्रेरित करते हुए निर्देश दिए कि बच्चों को परोसे जाने वाले भोजन में स्वच्छता और शुद्धता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा, साथ ही उन्हें अभिव्यक्ति का अवसर भी दिया। सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी लाखेश्वर रात्रे ने प्रशिक्षण सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि शासन की मंशानुसार रसोइयों का क्षमता विकास अनिवार्य है, ताकि वे नई तकनीकों और पोषण मानकों से अवगत हो सकें। उन्होंने स्कूलों में 'किचन गार्डन' को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया। मध्याह्न भोजन प्रभारी (सहायक ग्रेड-2) घनश्याम रात्रे ने रसोइयों को विभागीय नियमों, चावल के स्टॉक प्रबंधन और एलपीजी सिलेंडर के सुरक्षित उपयोग के बारे में बारीकी से समझाया। उन्होंने स्पष्ट किया कि भोजन चखने के बाद ही बच्चों को परोसा जाए और इसका उचित रिकॉर्ड संधारित किया जाए। मास्टर ट्रेनर प्रधान पाठक अरविंद वैष्णव एवं संकुल समन्वयक गिरिजा शंकर अग्रवाल ने प्रोजेक्टर के माध्यम से बताया कि फोर्टीफाइड चावल में सूक्ष्म पोषक तत्व आयरन, फोलिक एसिड, विटामिन B12 की उपस्थिति बच्चों के लिए लाभदायक है। साथ ही फोर्टीफाइड चावल पकाने की सही विधि और उसके पोषण लाभ के बारे में जानकारी दी गई तथा कई भ्रम दूर किए गए। इस दौरान संकुल समन्वयक रोशन चंद्राकर, अमित अग्रवाल, नूतन मंडले, विश्राम बंजारे एवं ऑपरेटर लक्की डहरिया, भानु साहू, अजय काटले एवं बीईओ कार्यालयीन स्टाफ की विशेष सहभागिता रही। प्रशिक्षण के समापन पर उपस्थित लगभग 600 रसोइयों ने संकल्प लिया कि वे "स्वच्छ भोजन, स्वस्थ बचपन" के ध्येय वाक्य को सार्थक करेंगे।

## भाजपा स्थापना दिवस पर गुल्लू में शक्ति प्रदर्शन

# कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश

आरंग। भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर आरंग विधानसभा के गुल्लू में उत्साह और जनसहभागिता के साथ भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। गांव चलो, बस्ती चलो अभियान के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में राष्ट्रभक्ति और संगठन की शक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने दीप प्रज्वलित कर आयोजन का शुभारंभ किया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने कहा कि भाजपा का स्थापना दिवस केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि राष्ट्र सेवा, अंत्योदय और गरीब कल्याण के





संकल्प को पुनः दोहराने का दिवस है।

### जनसंवाद और योजनाओं का प्रचार

उन्होंने ऐतिहासिक संदर्भ देते हुए बताया कि 6 अप्रैल 1980 को स्थापित भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन चुकी है, जो अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने के लक्ष्य के साथ निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने अन्नदाताओं को देश की रीढ़ बताते हुए कहा कि किसानों का सम्मान करना केवल कर्तव्य नहीं, बल्कि पार्टी का गौरव है। कार्यक्रम के दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में मंडल अध्यक्ष देवनाथ साहू, आरंग नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. संदीप जैन और कार्यक्रम प्रभारी अशोक यादव उपस्थित रहे। आयोजन में महिलाओं और वरिष्ठ जनों से सीधा संवाद कर सरकार की किसान हितैषी नीतियों का सशक्त संदेश दिया गया। इस गरिमामयी अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता केके भारद्वाज, गणेश राम साहू, रेवा राम साहू, होरीलाल साहू, अरविंद टंडन, धरम सिंह, पंकज पटेल, भालचंद धीवर, मुकेश घृतलहरे, अमित पटेल, जनक साहू, योगेश्वर साहू, भुनेश्वर साहू, हेमचंद टंडन, विक्रम कोशले सहित बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण और पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# रानी सागर तालाब की सफाई की गई

**धरसीवां/कूंरा।** नगर पंचायत कुंवरगढ़ कूंरा तालाबों के नाम से प्रसिद्ध है यहां के बुजुर्गो के बताए अनुसार 6 कोरी 6 तालाब बताए जाते है और इन तालाबों के सुरक्षित रहते कुंवरगढ़ कूंरा के लोगो को कभी भी पेय जल पानी एवं निस्तार व्यवस्था की दिक्कत नहीं होने की बात नगर के बुजुर्गो ने मीडिया से बात चित में कही पर उन लोगों ने यह भी गुहार लगाई कि हमारे नगर के समस्त 6 कोरी 6 आगर तालाब जो दू की आवाज बनी हुई है उसे बचा के रखने के लिए नगर के चारों दिशा में बसे तालाब को हर वर्ष कम से कम 2 तालाबों की सफाई कर सभी तालाबों की संरक्षित करने की बात कही गई है । इसी बात को लेकर कुंवरगढ़ के नागरिकों के द्वारा अपना बहुमू ल्य मत देकर नगरपंचायत अध्यक्ष गोविंद साहू एवं उपाध्यक्ष राजा भैया के सहित समस्त पार्षदों के ऊपर बागडोर सौंपा गया है। वहीं नगर प्रमुख अध्यक्ष गोविंद साहू, उपाध्यक्ष राजा भैया सहित समस्त पार्षदगणों ने जो नगर के प्रमुख तालाबों की सफाई का बीड़ा उठाया है उनके लिए नगर के सभी नागरिकजनों में काफी उत्साह देखा जा रहा है । साथ ही जिस रानी सागर तालाब की सफाई हो रहा है उनमें साहू समाज एवं नागरिकों के सहयोग द्वारा कम से कम दो करोड़ की लागत से बीच तालाब के अंदर माता शीतला जी की मंदिर निर्माण कर मूर्ति स्थापित करेंगे, तो वहीं नगर के सतनाम समाज द्वारा जो उनके पूर्वजों से



तालाब के बीच में खड़ा किए खंबे जो टूट गया था उनका आज सोमवार को तालाब के बीचों बीच नया जयत खम्भ खड़ा किए जाएंगे जिनके लिए कुंवरगढ़ उत्सव के दौरान पहुंचे सतनाम समाज के गुरुशुखवंत साहेब विधायक आरंग ने कुंवरगढ़ के सतनाम समाज के प्रमुखों को रानीसागर तालाब के बीच में लगने वाले जयत खम्भ को जो भी राशि लगेंगे उनके लिए समाज प्रमुखों को आश्वस्त पूर्ण रूप से दे दिए है। रानी सागर तालाब की सफाई होने से नगर के सभी समाजजन संतुष्ट है सब का कहना है कि बारिश से पहले जल्द से जल्द सफाई हो यह हमारे नगर कुंवरगढ़ की एक पहचान बनेगा जयत खंबा पूजा में सतनाम समाज अध्यक्ष नगरपंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष अनिल बघेल, नगरपंचायत अध्यक्ष गोविंद साहू, उपाध्यक्ष राजा भैया, पूर्व एल्डर मैंन अश्वनी बंजारे, रामदास बंजारे, ललित सायतोड़े सहित बड़ी संख्या में सतनाम समाज सहित नगर के लोग उपस्थित रहे।

07



अबूझ मुहूर्त में घरों और मंदिरों में .....

## लाइव इवेंट

## मां को कराटे का अभ्यास करते देख जागा जुनून, 8 साल की त्विषा को मिला ब्लैक बेल्ट



**रायपुर।** समर्पण और अनुशासन का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करते हुए शहर की 8 वर्षीय बालिका त्विषा गोयल ने कराटे में ब्लैक बेल्ट हासिल कर लिया है। वे संभवतः छत्तीसगढ़ राज्य में इस उपलब्धि को प्राप्त करने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बन गई हैं। त्विषा डॉ. विवेक गोयल की पुत्री हैं। त्विषा ने मात्र 4 वर्ष की आयु से कराटे का प्रशिक्षण लेना शुरू कर दिया था और 12 अप्रैल 2026 को उन्होंने ब्लैक बेल्ट मिला। उनकी प्रेरणा घर से ही शुरू हुई, जहां उन्होंने अपनी मां डॉ. चानन गोयल, जो एक पीडियाट्रिक फिजियोथेरेपिस्ट हैं, को कराटे का अभ्यास करते और ब्लैक बेल्ट हासिल करते देखा। मां-बेटी दोनों को सेंसई कृष्णेंदु दास के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण मिला, जिनकी देखरेख में दोनों ने इस मार्शल आर्ट में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। त्विषा ने 15 जनवरी 2026 को ओडिशा के भुवनेश्वर में आयोजित कठोर और प्रतिस्पर्धात्मक परीक्षा में सफल होकर ब्लैक बेल्ट हासिल किया। यह परीक्षा एक जापानी परीक्षक द्वारा आयोजित की गई थी। उत्कृष्टता की ओर अपने समर्पण को दर्शाते हुए त्विषा ने जनवरी 2026 में बेंगलुरु, कर्नाटक में उन्नत प्रशिक्षण लिया और इससे पहले जून 2025 में जापान के टोक्यो स्थित जापान कराटे एसोसिएशन के मुख्यालय में भी प्रशिक्षण प्राप्त किया।

### 8 साल की उम्र तक कराटे में 19 पदक

त्विषा का प्रतिस्पर्धात्मक रिकॉर्ड भी प्रभावशाली रहा है। उन्होंने पांच वर्ष की आयु में नैनीताल में आयोजित एक राष्ट्रीय चैंपियनशिप में अंडर-7 काता वर्ग में अपना पहला स्वर्ण पदक जीता। इसके बाद उन्होंने विभिन्न कराटे प्रतियोगिताओं में कुल 19 पदक अपने नाम किए, जिनमें 10 स्वर्ण पदक शामिल हैं। उनकी उपलब्धियां राज्य, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं तक फैली हुई हैं।उनकी उत्कृष्ट खेल उपलब्धियों के लिए वर्ष 2024 में त्विषा को अग्रवाल समाज द्वारा सम्मानित किया गया। त्विषा ने अपनी मां डॉ. चानन गोयल से चार साल की उम्र में ही कराटे सीखना शुरू कर दिया था।

## सिटी इवेंट

## रैम्प पर बिखेरा फैशन का जलवा फर्स्ट रनरअप का ताज नेहा को



**रायपुर।** रोटरी क्लब ऑफ रायपुर एलिगेंस ने वीआईपी रोड स्थित एक निजी होटल में सोमवार शाम भव्य अवार्ड और फैशन शो का आयोजन किया। क्लब से जुड़ी मेंबर्स की गरिमामयी उपस्थिति के बीच रंगीन लाइट्स से जगमगाते स्टेज पर 20 मॉडल्स को प्रतिभागी के रूप में रैम्प वॉक करने का अवसर दिया गया। इससे आयोजन आकर्षक बना, क्योंकि अलग-अलग राउंड में मॉडल्स ने अपनी अनोखी अदा से निर्णायकों को आकर्षित करने का प्रयास किया। प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाने में दर्शक दीर्घा में मौजूद रोटरियंस ने भी कोई कसर नहीं छोड़ी। इस क्रम में एक समय ऐसा भी आया, जब रिजल्ट पेश हुआ तो इसमें फर्स्ट रनरअप नेहा जैन, सेकंड रनरअप राखी काबरा, थर्ड रनरअप शिवानी मिश्रा रहीं। उनका रोटरियंस ने स्वागत करते हुए सम्मान किया।

### मॉडल्स ने स्टेज पर किया प्रतिभा का प्रदर्शन

इस पहल का मुख्य उद्देश्य क्लब की सक्रिय मेंबर्स को प्रोत्साहित करना और उनके उत्कृष्ट कार्यों को सम्मानित करना था। इस अवसर पर विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेंबर्स को अवार्ड प्रदान करते हुए सम्मानित किया गया। आयोजन में फैशन शो मुख्य आकर्षण रहा। इसमें प्रतिभागियों ने विभिन्न थीम पर आकर्षक प्रस्तुतियां देते हुए अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। सभी मेंबर्स ने प्रतिभागियों की सराहना करते हुए उनका उत्साह बढ़ाया। क्लब की अध्यक्ष नीरू अग्रवाल एवं सचिव तनुश्री अग्रवाल के मार्गदर्शन में यह आयोजन किया गया।



### अवार्ड सेरेमनी में समर्पण को भी किया याद

*इस अवसर पर रोटरियंस के बेहतर कार्यों और उनके समर्पण के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए अवार्ड सेरेमनी का भी आयोजन किया गया। चेयरपर्सन रुचिका अग्रवाल और आस्था गोयल टावरी ने आयोजन को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई, ताकि आपसी सौहार्द, उत्साह एवं रचनात्मकता का वातावरण बने। अंत में क्लब की ओर से सभी प्रतिभागियों, मेंबर्स एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया गया। भविष्य में भी ऐसे रचनात्मक आयोजनों को जारी रखने का संकल्प लिया गया।*

---

बिना कोचिंग क्लास जाए अब 50 फीसदी स्टूडेंट्स ऑनलाइन घर में ही कर रहे पढ़ाई

# प्रतियोगी परीक्षा फाइट करने ऑनलाइन किताबों पर फोकस बिना कोचिंग के स्टूडेंट्स घरों और लाइब्रेरी में कर रहे तैयारी

"प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे युवा स्मार्ट स्टडी पर भी जोर देने लगे हैं। कंधों पर किताबों का बोध कम करने के लिए ऑनलाइन के जरिए ई-बुक डाउनलोड कर पढ़ाई की जा रही है। कुछ पुरानी किताब ऐसी हैं, जिनका प्रशासन बंद हो चुका है, लेकिन ये ऑनलाइन उपलब्ध हैं। लैपटॉप और आईपैड में ऑनलाइन किताबें खरीदकर पढ़ाई की जा रही है। हरिभूमि ने ऑनलाइन स्टडी मटेरियल को लेकर स्टूडेंट्स ने बातचीत की तो उन्होंने बताया कि ऑनलाइन के जरिए घर या फिर लाइब्रेरी में आसानी से पढ़ाई की जा सकती है।

**रायपुर।** हर स्टूडेंट्स कोचिंग पर सालाना लाखों रुपए खर्च नहीं कर सकता। इसलिए देश के नामी कोचिंग संस्थानों ने अपनी वेबसाइट पर ऑनलाइन क्लास से जुड़ने के लिए शुल्क निर्धारित किया हुआ है। बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स ने स्टडी के लिए सब्सक्रिप्शन लिया हुआ है। इससे भी घर बैठे बिना कोचिंग के पढ़ाई हो रही है।



### कृषि विवि, उद्यानिकी और कामधेनु विवि में प्रवेश के लिए आवेदन 27 तक

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर, महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय सांकरा, दुर्ग तथा दाऊ श्री वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय अंजोरा, दुर्ग के अंतर्गत संचालित 33 कृषि महाविद्यालयों, 4 कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालयों, 17 उद्यानिकी महाविद्यालयों, 1 वानिकी महाविद्यालय, 1 खाद्य प्रौद्योगिकी महाविद्यालय, 1 पशु चिकित्सा महाविद्यालय, 1 दुग्ध प्रौद्योगिकी महाविद्यालय, 1 मत्स्य पालन महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026 में दाखिले हेतु पीएटी एवं पीपीवीटी प्रवेश परीक्षा 2026 का आयोजन किया जा रहा है। इन प्रवेश परीक्षाओं हेतु 27 अप्रैल तक ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। प्रवेश परीक्षा की संभावित तिथि 21 जून 2026 है। इन परीक्षाओं का आयोजन छत्तीसगढ़ के सभी 33 जिला मुख्यालयों में निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर किया जाएगा।

### अनएकेडमी और दृष्टि कोचिंग पहली पसंद




जेईई व नीट समेत आईएएस की तैयारी करने के लिए ज्यादातर स्टूडेंट्स की पसंद विकास दिव्यकीर्ति का दृष्टि द विजन' कोचिंग सेंटर होता है। इसके अलावा बेंगलुरु में मेडिकल की पढ़ाई करने अनएकेडमी कोचिंग सेंटर जाते हैं। ऑनलाइन में भी इन कोचिंग संस्थानों की क्लास से जुड़ना युवाओं की पसंद है। नालंदा और सेंट्रल लाइब्रेरी में पढ़ाई करने वाले ज्यादातर स्टूडेंट्स ने सब्सक्रिप्शन लिया है। इसका शुल्क 5 हजार से लेकर 30 हजार तक है। अनएकेडमी की नीट और जेईई की तैयारी तथा रोजाना मॉक टेस्ट देने के लिए भी स्टूडेंट्स सब्सक्रिप्शन लेकर पढ़ाई कर रहे हैं।

### जेईई मेंस के बाद जेईई एडवांस की तैयारी में जुटे छात्र

जेईई मेंस के परिणाम आने के बाद अब स्टूडेंट्स एडवांस की तैयारी में जुट गए है। 19 मई को यह एग्जाम होगा। इसकी तैयारी को लेकर एक्सपर्ट टीचर वेदांत कोसले का कहना है कि एग्जाम से पहले नए पैटर्न के कम से कम 10 मॉक टेस्ट करें और पिछले 5 सालों के आईआईटी, जेईई के पेपर्स पर भी नजर दौड़ाएं। मॉक टेस्ट से न केवल तैयारी के स्तर का पता चलता है, बल्कि इससे विषय पर आपकी पकड़ भी बनती है। साथ ही अपनी कमजोरियों का भी पता चलता है। एग्जाम से कुछ ही समय पहले चैप्टर के अनुसार रिवीजन करें। फिजिक्स, केमिस्ट्री और मैथ्स तीनों के लिए बराबर-बराबर समय दें। इन तीनों विषयों को कम से कम 2-3 घंटे का समय जरूर देना चाहिए।

### ई-बुक्स और ई-कॉमर्स वेबसाइट से भी पढ़ाई

ऑनलाइन पढ़ाई करने स्टूडेंट्स इंटरनेट में ई-बुक्स लाइब्रेरी की मदद ले रहे हैं। यहां कई किताबें फ्री में तो कुछ किताबों को पढ़ने के लिए पैसे भी देने पड़ते हैं। इसके अलावा ई-कॉमर्स वेबसाइट्स पर हर तरह की सामग्री उपलब्ध है। यहां स्टूडेंट्स एग्जाम का नाम सर्च कर सकते हैं। सर्च करने पर संबंधित पब्लिशर की बुक मिल जाती है। शुल्क चुकाकर ऑनलाइन डाउनलोड कर सकते हैं। बड़े संस्थानों में प्रवेश के लिए कंप्यूटर आधारित टेस्ट होने लगे हैं। ऐसे में इन परीक्षाओं की तैयारी के लिए ऑनलाइन वेब पोर्टल के जरिए अभ्यर्थी स्वयं का आकलन कर सकता है।

---

# दिल चीज क्या है, आप मेरी जान लीजिए... संगीत के प्रशिक्षु विद्यार्थियों ने लिजेंड्री सिंगर आशा भोंसले को दी स्वरांजलि

**रायपुर।** कमलादेवी संगीत महाविद्यालय में सोमवार को प्रसिद्ध बालीवुड सिंगर आशा भोंसले को उनके सदाबहार गीतों से भावपूर्ण स्वरांजलि अर्पित की गई। महाविद्यालय के मास्टर ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट के छात्र-छात्राओं द्वारा लिजेंड्री सिंगर आशा भोंसले को उनके द्वारा गाए गए अमर गीतों और गजलों को अपने सुमधुर स्वरों में प्रस्तुत कर स्वरांजलि अर्पित की। इस स्वरांजलि सभा में करीब 20 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ छात्रा शारदा नाथ द्वारा प्रसिद्ध गजल दिल चीज क्या है, आप मेरी जान लीजिए... की मनमोहक प्रस्तुति से हुआ। इसके पश्चात वर्षा चतुर्वेदी ने इन आंखों की मस्ती के मस्ताने हजारों हैं... गाकर आशाजी को याद किया। सलोनी मुंड एवं गोपिका साहू ने सलोना सा सजना है...जैसी मधुर रचना की प्रस्तुति दी।



छाया मौसमी ने ...रोज-रोज डाली-डाली गाकर अपनी अभिव्यक्ति से सबका ध्यान आकर्षित किया। वहीं नमिता गुप्ता ने आओ हुजूर तुमको सितारों में ले चलूं... गीत को बड़े ही भावपूर्ण अंदाज में प्रस्तुत किया। रेणुका साहू ने गुलाम अली एवं आशा भोंसले की प्रसिद्ध गजल दयार दिल की राह में चिराग सा जल गया... गाकर कार्यक्रम को नई ऊंचाई दी। प्रार्थना दुबे ने रंगीला रे, तेरे रंग में... गीत के माध्यम से अपनी गायकी का सुंदर प्रदर्शन किया।

### अमर गजल और गीतों की भावपूर्ण प्रस्तुति

छात्रों ने भी इस अवसर पर उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। पप्पू यादव ने कजरा मोहब्बत वाला..., शुभम विश्वास ने आगे भी जाने न तू, टिकेश साहू ने ओ हसीना जुल्फों वाली तथा मयंक बैरागी ने चुरा लिया है तुमने जो दिल को प्रस्तुत कर कार्यक्रम में रंग भर दिया। अंत में सभी छात्र-छात्राओं ने सामूहिक रूप से अभी न जाओ छोड़कर, के दिल अभी भरा नहीं गीत प्रस्तुत कर स्वरांजलि को एक भावपूर्ण एवं यादगार बनाया।



### शिक्षकों व छात्र-छात्राओं ने किया नमन

संगीत के शिक्षक डॉ. दीपक बेड़ेकर और छात्र-छात्राओं ने सिंगर आशा भोंसले को नमन करते हुए कहा कि वह हम सबके बीच अपने अमर गीतों व गजलों के माध्यम से अमर रहेंगी। वह संगीत जगत व संगीत प्रेमियों को सदैव प्रेरणा देती रहेंगी। उनके गीत व गजल युगों-युगों तक हर सांस व स्वर में गुनगुनाए जाएंगे। उनके नगमे हर महफिल को सजाते रहेंगे।

## छात्राओं को दी कॅरियर गाइडलाइंस उच्च शिक्षा के अवसरों पर हुई चर्चा




**रायपुर।** गोकुलदास डागा कन्या महाविद्यालय में समाजशास्त्र एवं एमएसडब्ल्यू विभाग के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विषय करियर गाइडलाइंस था। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के समाजशास्त्र एवं समाजकार्य विभाग के प्रोफेसर उपस्थित रहे। उन्होंने छात्राओं को विभिन्न करियर विकल्पों, उच्च शिक्षा के अवसरों तथा समाज कार्य के क्षेत्र में उपलब्ध संभावनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने और निरंतर प्रयास करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य सहित सभी अध्यापक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन दीक्षा साहू ने किया। अंत में आभार प्रदर्शन डॉ. पद्मा शर्मा ने व्यक्त किया।

---

गर्मी से राहत पाने कपल्स व फैमिली मई-जून में ट्रिप कर रहे बुक

# समर हॉली-डे के लिए दुबई, यूके की जगह थाइलैंड, सिंगापुर पर्यटकों की पहली पसंद

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** गर्मी में सुखद मौसम, बर्फ से ढंके पहाड़ों, चाय के बागानों और शानदार दृश्यों के साथ हॉली-डे मनाना लोगों को खूब पसंद आता है। ऐसे में समर सीजन आते ही फैमिली-कपल्स होली डे मनाने की प्लानिंग में जुट जाते हैं। इस सीजन में पर्यटन स्थलों का आनंद उठाने सबसे ज्यादा न्यू कपल्स एक्साइटेड होते हैं, ताकि वे हसीन वादियों, ठंडे और रोमांटिक पर्यटन स्थलों तक पहुंचकर अपना बेस्ट क्वालिटी टाइम एंजॉय कर सकें। वहीं फैमिली में भी बच्चों की स्कूल की छुट्टियों को रोमांचकारी और इंटरटेनिंग बनाने टूर प्लान करते हैं। इसके लिए कपल्स व फैमिली बड़ी संख्या में विदेशी व डोमेस्टिक पर्यटन स्पॉट की टूर बुकिंग करा रहे हैं। शहर के जाने-माने व्यास हॉली-डे के प्रबंध संचालक कीर्ति व्यास ने बताया कि पिछले समर सीजन में दुबई, यूके, यूएस, यूएई व यूरोपियन देश इस सीजन में पर्यटकों के लिए पहली पसंद हुआ करते थे, लेकिन मिडिल ईस्ट देशों में युद्ध के माहौल के बीच पर्यटक पूरी तरह से डायवर्ट हो गए हैं। अभी सबसे ज्यादा पर्यटक शांत व सुरक्षित देशों के पर्यटन स्थलों को ही प्राथमिकता दे रहे हैं। श्री व्यास ने बताया कि राज्य के लोगों में विदेश में हॉली-डे मनाने के क्रेज में भारी बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। खासकर इस समर सीजन में सबसे ज्यादा फॉरेन टूर डेस्टिनेशन देशी पर्यटकों को आकर्षित कर रहे हैं।



### हॉली-डे पैकेज बिना किसी वीजा झंझट के उपलब्ध

इसकी वजह इन देशों में सस्ते करेंसी मूल्य और 80 हजार रुपए से 1 लाख रुपए तक के पैकेज में फुल लग्जरी हॉली-डे पैकेज बिना किसी वीजा झंझट के उपलब्ध होना है। हांगकांग-मकाऊ, इंडोनेशिया, वियतनाम, नेपाल के लिए तो अराइवल वीजा की सुविधा है। इसमें यात्रियों को यहां पहुंचने पर हवाई अड्डे या सीमा पर ही वीजा मिल जाता है, बजाय इसके कि उन्हें पहले से आवेदन करना पड़े। वहीं देश और राज्य के अंदर भी अपने-अपने बेस्ट डेस्टिनेशन के लिए समर वेकेशन को परिवार, दोस्तों व रिश्तेदारों के साथ यादगार बनाने लोग टूर पैकेज बुक करा रहे हैं।

### सबसे ज्यादा यहां की बुकिंग

इनमें डोमेस्टिक पर्यटन की बात करें तो समर सीजन से राहत पाने के लिए हिमाचल प्रदेश मनाली, शिमला, लेह-लद्दाख, दार्जिलिंग, और मुन्नार की वादियां लोग को खूब भा रही हैं। वहीं गर्मियों में विदेश घूमने के सबसे पसंदीदा स्थानों में थाईलैंड, बाली - इंडोनेशिया, सिंगापुर और वियतनाम शामिल हैं, जो सस्ते, सुलभ और मनोरंजक हैं। इसके अलावा भूटान, नेपाल, स्विट्जरलैंड और जॉर्जिया भी लोकप्रिय पर्यटन स्पॉट के रूप में पर्यटकों की पहली च्वाइस बन रहे हैं।

### प्रकृति प्रेमियों और रोमांच चाहने वालों की पहली पसंद वियतनाम

वियतनाम भारतीय पर्यटकों के बीच बहुत लोकप्रिय हो रहा है। पर्यटकों का मुख्य आकर्षण हालोंग बे में यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल, जो चूना पत्थर के द्वीपों और गुफाओं से भरी है। वहीं होई एन एक प्राचीन बंदरगाह शहर है, जो अपनी पीली दीवारों, लालटेन वाली सड़कों और ऐतिहासिक वास्तुकला, सापा में 'बादलों का स्वर्ग' कहा जाने वाला यह स्थान ट्रेकिंग, खूबसूरत चावल के खेतों और जातीय समुदायों के लिए मशहूर है। हो ची मिन्ह सिटी और मेकांग डेल्टा में शहर पुराने और नए आकर्षणों का मिश्रण है, जबकि मेकांग डेल्टा अपने तैरते बाजारों, नहरों और हरियाली के लिए प्रसिद्ध है, जो प्रकृति प्रेमियों और रोमांच चाहने वालों को आकर्षित कर रहा है।

### 10 से 12 दिन का टूर पैकेज 80 से 90 हजार रुपए में

वहीं बात करें देश के बेस्ट टूर डेस्टिनेशन की तो उसमें गोवा, केरल, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ के पर्यटन स्थल सैलानियों को भा रहे हैं। इसमें गोवा के लिए प्रति व्यक्ति के लिए 60 से 70 हजार रुपए में टूर पैकेज बुक हो रहे हैं। वहीं केरल के लिए 10 से 12 दिन का टूर पैकेज 80 से 90 हजार रुपए में बुकिंग करा रहे हैं। राजस्थान के उदयपुर, जयपुर तो मध्यप्रदेश के पेंच अभयारण्य, कान्हा-किसली, उज्जैन, अमरकंटक, पचमढ़ी आकर्षित कर रहे हैं।

सेहत

## घर पर आसानी से बनाए जा सकते हैं डिटॉक्स पेय, रोजाना सेवन से मिलेंगे बेहतरीन फायदे



आजकल लोग अपने शरीर से हानिकारक तत्वों को दूर करने के लिए डिटॉक्स पेय का सहारा ले रहे हैं। ये पेय शरीर की सफाई करने के साथ ही तरोताजा रखने में मदद कर सकते हैं। हालांकि, बाजार में उपलब्ध डिटॉक्स पेय में कई तरह के रसायन होते हैं, जो सेहत के लिए हानिकारक हो सकते हैं। आइए आज हम आपको ऐसे डिटॉक्स पेय की रेसिपी बताते हैं, जिन्हें घर पर बनाना आसान है।

### सेब का सिरका और नींबू का रस

सेब का सिरका और नींबू का रस युक्त डिटॉक्स पेय का सेवन शरीर की सफाई करने में मदद कर सकता है। इसके लिए एक गिलास पानी में एक चम्मच सेब का सिरका और एक चम्मच नींबू का रस मिलाएं, फिर इस मिश्रण को रोजाना सुबह खाली पेट पिएं। यह पेय पाचन को बेहतर करने और शुगर के स्तर को नियंत्रित करने में भी सहायक है।

### खीरा, नींबू और पुदीने की चाय

खीरा, नींबू और पुदीने की चाय शरीर से हानिकारक तत्वों को बाहर निकालने में मदद कर सकती है। इसके लिए सबसे पहले एक पैन में पानी डालकर उबालें, फिर इसमें कटी हुई नींबू की फांके, खीरे के टुकड़े और पुदीने की पत्तियां डालें। अब इस मिश्रण को 10 से 15 मिनट तक पकाएं, फिर इसे एक गिलास में छानकर डालें और इसका सेवन करें। आप चाहें तो इसमें शहद भी मिला सकते हैं।

### हल्दी और काली मिर्च का काढ़ा

हल्दी और काली मिर्च का काढ़ा कई पोषक तत्वों से भरपूर होता है, इसलिए इसका सेवन सेहत के लिए फायदेमंद है। इसके लिए एक पैन में एक गिलास पानी, आधी चम्मच काली मिर्च का पाउडर, आधी चम्मच हल्दी पाउडर और थोड़ा सा अदरक का पाउडर डालकर उबालें। जब पानी उबलकर आधा हो जाए तो गैस बंद करके इसमें शहद और नींबू का रस मिलाएं, फिर गर्मागर्म काढ़े का सेवन करें।

### ग्रीन टी और पुदीने की चाय

ग्रीन टी और पुदीने की चाय का सेवन भी शरीर से हानिकारक तत्वों को बाहर निकालने में मदद कर सकता है। इसके लिए एक पैन में पानी डालकर उबालें, फिर इसमें एक ग्रीन टी का बैग और कुछ पुदीने की पत्तियां डालें। अब इस मिश्रण को 5 मिनट तक पकाएं, फिर इसे एक कप में छान लें। आप चाहें तो इसमें शहद भी मिला सकते हैं। इसे गर्मागर्म ही पिएं।

### नींबू का रस और नारियल पानी

नींबू का रस और नारियल पानी का मिश्रण शरीर को डिटॉक्स करने के साथ-साथ तरोताजा रखने में मदद कर सकता है। इसके लिए एक गिलास में आधा गिलास नारियल पानी भरें, फिर इसमें एक चम्मच नींबू का रस मिलाएं। अब इस मिश्रण में बर्फ के टुकड़े डालकर इसका सेवन करें। आप चाहें तो इसमें स्वादानुसार शहद भी मिला सकते हैं। यह डिटॉक्स पेय कई पोषक तत्वों से भरपूर होता है।

## एक दिन में अधिक चाय पीने से हो सकते हैं दुष्प्रभाव, जानिए कितनी पीनी चाहिए



चाय का सेवन कई लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी का अहम हिस्सा है। हालांकि, चाय में कैफीन और थियामिन जैसे तत्व होते हैं, जो शरीर को ऊर्जा देने में मदद कर सकते हैं, लेकिन अगर आप इसका अधिक सेवन करते हैं तो इससे कई समस्याएं हो सकती हैं। आइए आज हम आपको उन समस्याओं के बारे में बताते हैं, जो एक दिन में अधिक चाय पीने से हो सकती हैं, ताकि आप इससे बच सकें।

**हो सकती है पेट में जलन :** चाय में कैफीन की मात्रा अधिक होती है और अधिक कैफीन का सेवन पेट में जलन का कारण बन सकता है। यह जलन गैस और पेट दर्द का भी कारण बन सकती है। इसलिए अगर आप चाय का अधिक सेवन कर रहे हैं तो इसे कम कर दें। बेहतर होगा कि आप दिन में 2-3 कप से ज्यादा चाय न पिएं। इसके अलावा खाली पेट चाय पीने से भी बचें।

**पड़ सकता है नींद में खलल :** चाय में मौजूद कैफीन नींद को प्रभावित कर सकता है, खासकर अगर आप इसे शाम या रात में पीते हैं। कैफीन के कारण आप देर तक जागते रह सकते हैं, जिससे आपकी नींद पूरी नहीं हो पाएगी। यह समस्या लंबे समय तक जारी रहने पर आपकी सेहत पर बुरा असर डाल सकती है। इसलिए रात के समय चाय पीने से बचें और दिन में ही सीमित मात्रा में इसका सेवन करें।

**हो सकता है सिरदर्द :** चाय का अधिक सेवन सिरदर्द का कारण भी बन सकता है। ज्यादा चाय पीने से कैफीन की मात्रा बढ़ जाती है, जिससे सिरदर्द हो सकता है। यह समस्या खासकर उन लोगों को होती है, जो पहले से ही सिरदर्द की समस्या से जूझ रहे हों। इसलिए अगर आपको अक्सर सिरदर्द होता है तो चाय का सेवन कम कर दें और डॉक्टर की सलाह लें। इसके अलावा पुदीने की चाय या हर्बल चाय का सेवन करें।

**हो सकती है पानी की कमी :** चाय का अधिक सेवन शरीर में पानी की कमी का कारण भी बन सकता है। ज्यादा चाय पीने से शरीर में पानी की कमी हो सकती है, जिससे डिहाइड्रेशन होता है। डिहाइड्रेशन होने पर शरीर में कमजोरी, थकान और चक्कर आने जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इसलिए रोजाना सीमित मात्रा में चाय पिएं ताकि पानी की कमी न हो। इसके अलावा पुदीने की चाय या हर्बल चाय का सेवन करें।

**हो सकती हैं दिल की धड़कनें तेज :** चाय का अधिक सेवन दिल की धड़कनों पर भी असर डाल सकता है। ज्यादा चाय पीने से दिल की धड़कनें तेज हो सकती हैं या अनियमित हो सकती हैं। इससे चिंता और घबराहट जैसी समस्याएं भी हो सकती हैं।

हेल्दी और पोषण से भरपूर चीजों को शामिल करना बेहद जरूरी

# ब्रेकफास्ट में अंकुरित मूंग खाने के फायदेः रोजाना सेवन से मिल सकते हैं कई स्वास्थ्य लाभ

सुबह का नाश्ता दिनभर की ऊर्जा का आधार माना जाता है। ऐसे में हेल्दी और पोषण से भरपूर चीजों को शामिल करना बेहद जरूरी होता है। विशेषज्ञों के अनुसार, नाश्ते में अंकुरित मूंग को शामिल करना सेहत के लिए फायदेमंद साबित हो सकता है।



### पाचन तंत्र को रखे दुरुस्त

अंकुरित मूंग में फाइबर की मात्रा अधिक होती है, जो पाचन प्रक्रिया को बेहतर बनाने में मदद करती है। यह मेटाबॉलिज्म को सक्रिय रखता है और कब्ज जैसी समस्याओं से राहत दिला सकता है।

### वजन घटाने में सहायक

जो लोग वजन कम करना चाहते हैं, उनके लिए अंकुरित मूंग एक अच्छा विकल्प हो सकता है। इसमें कैलोरी कम और प्रोटीन व फाइबर ज्यादा होता है, जिससे लंबे समय तक पेट भरा हुआ महसूस होता है और अनावश्यक खाने की आदत कम होती है।

### पोषक तत्वों से भरपूर

अंकुरण के बाद मूंग में मौजूद विटामिन और मिनरल्स की मात्रा बढ़ जाती है। इसमें विटामिन C, आयरन और प्रोटीन जैसे तत्व पाए जाते हैं, जो इम्यूनिटी बढ़ाने, खून की कमी दूर करने और मांसपेशियों को मजबूत बनाने में मदद करते हैं।

### दिल और ब्लड शुगर के लिए लाभकारी

अंकुरित मूंग का सेवन कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित करने में मदद कर सकता है। साथ ही इसका ग्लाइसेमिक इंडेक्स कम होता है, जिससे ब्लड शुगर लेवल संतुलित रखने में सहायता मिलती है।



### सावधानी जरूरी

हालांकि, किसी भी नई डाइट को अपनाने से पहले डॉक्टर या विशेषज्ञ की सलाह लेना जरूरी है, खासकर अगर आप किसी बीमारी से जूझ रहे हैं।

## नारियल पानी पीने से पहले जान लें कुछ जरूरी बातें, इन लोगों को करना चाहिए परहेज

नारियल पानी को सेहत के लिए बेहद लाभकारी माना जाता है। इसमें मौजूद इलेक्ट्रोलाइट्स, विटामिन और मिनरल्स शरीर को हाइड्रेट रखने और ऊर्जा देने में मदद करते हैं। हालांकि, यह मान लेना सही नहीं है कि नारियल पानी हर व्यक्ति के लिए समान रूप से फायदेमंद होता है। कुछ स्थितियों में इसका सेवन नुकसान भी पहुंचा सकता है। आइए जानते हैं किन लोगों को नारियल पानी पीने से सावधान रहना चाहिए।



### किडनी की समस्या वाले लोग रखें दूरी

जिन लोगों को किडनी से जुड़ी परेशानी है, उन्हें नारियल पानी पीने से पहले सतर्क रहना चाहिए। इसमें पोटैशियम की मात्रा अधिक होती है, जिसे कमजोर किडनी सही तरह से फिल्टर नहीं कर पाती। इससे शरीर में पोटैशियम का स्तर बढ़ सकता है, जो स्वास्थ्य के लिए जोखिम भरा हो सकता है। ऐसे में डॉक्टर की सलाह लेना जरूरी है।

### डायबिटीज मरीजों के लिए जरूरी है संतुलन

मधुमेह से पीड़ित लोगों को नारियल पानी सीमित मात्रा में ही लेना चाहिए। अधिक मात्रा में सेवन करने से ब्लड शुगर लेवल बढ़ सकता है। खासकर जिनका शुगर पहले से ही नियंत्रण में नहीं है, उन्हें सावधानी बरतनी चाहिए।

### लो ब्लड प्रेशर वालों के लिए चेतावनी

अगर आपका ब्लड प्रेशर सामान्य से कम रहता है, तो नारियल पानी का सेवन सोच-समझकर करें। यह ब्लड प्रेशर को और नीचे ला सकता है, जिससे चक्कर या कमजोरी महसूस हो सकती है।

### सर्दी-जुकाम में न करें सेवन

नारियल पानी की तासीर ठंडी मानी जाती है। इसलिए अगर आपको सर्दी, खांसी या वायरल संक्रमण है, तो इसका सेवन करने से लक्षण और बढ़ सकते हैं। ऐसे समय में इसे टालना बेहतर रहता है।

## डेली डाइट में शामिल करें ये फल सेहत को मिलेंगे चौंकाने वाले फायदे

स्वास्थ्य विशेषज्ञों की सलाह है कि पपीते को रोजाना डाइट में शामिल किया जाए। बता दें कि यह फल विटामिन सी, विटामिन ए, फाइबर, फोलेट, पोटैशियम और एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर होता है, जो शरीर को कई तरह से लाभ पहुंचाते हैं।



### पाचन तंत्र के लिए लाभकारी

पपीते में मौजूद एंजाइम पेट से जुड़ी समस्याओं जैसे कब्ज, गैस और अपच को कम करने में मदद करते हैं। रोजाना इसका सेवन करने से गट हेल्थ बेहतर रहती है और पाचन प्रणाली सुचारू रूप से काम करती है।

### इम्यूनिटी बढ़ाने में सहायक

इस फल में मौजूद पोषक तत्व शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करते हैं। बदलते मौसम में बीमारियों से बचाव के लिए पपीता डाइट में शामिल करना फायदेमंद माना जाता है।

### वजन घटाने में मददगार

पपीता वजन नियंत्रित करने में भी सहायक होता है। यह लंबे समय तक पेट को भरा रखता है, जिससे अनावश्यक खाने की आदत कम होती है और वेट लॉस जर्नी आसान बनती है।

### आंखों और डायबिटीज के लिए लाभकारी

विटामिन ए आंखों की रोशनी बनाए रखने में मदद करता है। साथ ही, सीमित मात्रा में पपीता डायबिटीज के मरीजों के लिए भी सुरक्षित और फायदेमंद माना जाता है।

### दिल की सेहत का रखता है ख्याल

पपीता ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित रखने में मदद करता है। इसका नियमित सेवन हृदय रोगों के जोखिम को कम करने में सहायक हो सकता है।



## दांतों के पीलेपन के कारण शर्मिंदगी होती है महसूस तो छोड़ दीजिए ये आदतें

दांतों का पीला पड़ना न केवल सेहत के लिए अच्छा नहीं है, बल्कि यह आत्मविश्वास को भी प्रभावित कर सकता है। सुबह की कुछ गलत आदतें दांतों के पीलेपन का कारण बन सकती हैं। इन आदतों के कारण दांतों की चमक कम हो जाती है और वे पीले दिखने लगते हैं। इस लेख में हम आपको उन आदतों के बारे में बताएंगे, जिनसे आपको बचना चाहिए, ताकि आपके दांत सफेद और चमकदार बने रहें।

**ब्रश करने के तुरंत बाद पानी पीना :** सुबह उठते ही सबसे पहले ब्रश करना सही है, लेकिन इसके तुरंत बाद पानी पीने से दांतों पर बुरा असर पड़ सकता है। ब्रश करने के बाद मुंह में एक तरह की सुरक्षा परत बन जाती है। अगर आप तुरंत पानी पीते हैं तो यह परत खत्म हो जाती है और दांतों की सुरक्षा कम हो जाती है। इसलिए, ब्रश करने के बाद कम से कम 30 मिनट तक पानी न पिएं।

**चाय या कॉफी का सेवन करना :** चाय और कॉफी में मौजूद कैफीन दांतों पर दाग लगा सकता है और उन्हें पीला



कर सकता है। अगर आप रोजाना इन पेय का सेवन करते हैं तो आपके दांतों की चमक कम हो सकती है। बेहतर होगा कि आप सुबह-सुबह इनका सेवन न करें या फिर इन्हें पीने के बाद तुरंत कुल्ला कर लें, ताकि दांतों पर इनका बुरा असर न पड़े। इसके बजाय हर्बल चाय या ग्रीन टी का विकल्प चुनें।

**ब्रश करने के तुरंत बाद कुछ खाना :** ब्रश करने के तुरंत बाद कुछ खाने से भी दांतों पर बुरा असर पड़ता है। ब्रश करने के बाद मुंह में एक सुरक्षा परत बन जाती है। अगर आप तुरंत कुछ खाते या पीते हैं तो यह परत खत्म हो जाती है और दांतों की सुरक्षा कम हो जाती है। इसलिए, ब्रश करने के बाद कम से कम 30 मिनट तक कुछ न खाएं और न ही पिएं। इससे कैविटी होने का खतरा भी कम हो जाता है।

### धूम्रपान करना

धूम्रपान न केवल सेहत के लिए हानिकारक है, बल्कि यह आपके दांतों को भी पीला कर सकता है। सिगरेट में मौजूद तत्व दांतों पर दाग लगा सकते हैं और उन्हें कमजोर बना सकते हैं। अगर आप धूम्रपान करते हैं तो इसे छोड़ना आपके लिए बेहतर होगा। इसके बजाय अच्छी आदतें अपनाएं, जैसे योग करना और ध्यान लगाना। इस आदत से स्वास्थ्य पर कई अन्य नकारात्मक प्रभाव भी पड़ सकते हैं।

### ठंडे पेय पदार्थों का सेवन करना

सुबह-सुबह ठंडे पेय पदार्थ, जैसे सोडा और कोल्ड ड्रिंक आदि का सेवन करने से भी बचें। इनमें मौजूद शक्कर दांतों पर जमा होकर उन्हें कमजोर बना सकती है, जिससे कैविटी हो सकती हैं। इसके अलावा ठंडा पेय पीने से दांतों में दर्द भी हो सकता है। बेहतर होगा कि आप सुबह-सुबह ताजे फलों का रस पिएं या नारियल पानी पिएं, ताकि आपके शरीर को पोषण मिले और दांत भी स्वस्थ रहें।

कार्नर न्यूज

इनका स्वाद चखकर आपका मन तृप्त हो जाएगा

# बचे हुए खाने को फेंकने के बजाय दें नया ट्विस्ट, उससे बना लें ये बेहतरीन पकवान

अक्सर ऐसा होता है कि लोग ज्यादा खाना बना लेते हैं और फिर उसे दोबारा गर्म करके खाते हैं। हालांकि, एक बार का बचा हुआ खाना दोबारा खाने का मन नहीं करता। ऐसे में आप उसे फेंकने के बजाय उससे कुछ नया बना सकते हैं। आइए आज हम आपको बचे हुए खाने से बनाए जाने वाले कुछ व्यंजनों की रेसिपी बताते हैं, जो स्वादिष्ट होने के साथ-साथ बनाने में भी आसान हैं। इनका स्वाद चखकर आपका मन तृप्त हो जाएगा।









### छोले टिक्की

छोले की टिक्की बनाने के लिए सबसे पहले छोले को मिक्सी में पीस लें। एक बर्तन में इसे डालकर इसमें अदरक का पेस्ट, बारीक कटी हरी मिर्च, उबले हुए आलू, लाल मिर्च पाउडर, धनिया पाउडर, गरम मसाला, नमक और थोड़ा-सा पका हुआ चावल डालें। अब इस मिश्रण को अच्छे से मिलाएं और टिक्की का आकार देकर तेल लगाकर तवे पर सुनहरा होने तक सेकें। चटनियों के साथ इन टिक्कियां का आनंद लें।

### आलू का सैंडविच

अगर घर पर आलू की सब्जी बची हुई है तो उससे नाश्ते में आलू वाले सैंडविच बनाना बढ़यिा निर्णय होगा। इसके लिए ब्रेड पर मक्खन लगाएं और एक स्लाइस पर सॉस फैला लें। अब दूसरी स्लाइस पर आलू को हल्का मीस कर फैला दें। इस पर खीरा, टमाटर, लेटस, प्याज और ककड़ी जैसी सब्जियां रखें। अब चीज, मेयोनीज और नमक-काली मिर्च छिड़ककर दोनों स्लाइस को आपस में जोड़ें। सैंडविच को हल्का सेकें और खाएं।

### खिचड़ी कटलेट

अगर अपने ज्यादा खिचड़ी बना ली थी तो उससे आप लजीज कटलेट तैयार कर सकते हैं। एक कटोरे में बची हुई खिचड़ी को डालकर उसमें बारीक कटा प्याज, बारीक कटी हरी मिर्च, बारीक कटी हरी धनिया, अदरक का पेस्ट, नमक, लाल मिर्च पाउडर, गरम मसाला, थोड़ा-सा बेसन और थोड़े-से ब्रेड क्रम्ब्स मिलाएं। अब इस मिश्रण से छोटी-छोटी टिक्कियां बनाकर उन्हें तवे पर तेल लगाकर सुनहरा होने तक सेकें। आप चाहें तो इसमें अन्य मसाले और सब्जियां भी मिला सकते हैं।



### दाल के वड़े

सबसे पहले एक कटोरे में बची हुई दाल के साथ थोड़ा-सा बेसन डालकर अच्छे से मिलाएं। इसके बाद इसमें बारीक कटी हरी मिर्च, अदरक का पेस्ट, नमक, लाल मिर्च पाउडर, गरम मसाला और थोड़े-से ब्रेड क्रम्ब्स डालकर अच्छे से मिलाएं। अब इस मिश्रण से छोटी-छोटी वड़े बनाकर उन्हें तेल में डालकर सुनहरा होने तक तल लें। इसके बाद इन्हें दही, सांभर और चटनी के साथ मजे से खाएं।

### पनीर टिक्का

सबसे पहले एक कटोरे में बचे हुए पनीर को मैश करके उसमें प्याज, शिमला मिर्च और टमाटर जैसी बारीक कटी सब्जियां मिलाएं। अब इसमें हरी मिर्च, अदरक का पेस्ट, नमक, लाल मिर्च पाउडर, गरम मसाला और थोड़ा-सा बेसन डालकर अच्छे से मिलाएं। इस मिश्रण से छोटी-छोटी टिक्कियां बनाकर उन्हें तवे पर तेल लगाकर सुनहरा होने तक सेंकें। इसके बाद गर्मा-गर्म टिक्कियों को परोसें।

सिटी लाइव

## जय भीम की गूंज के साथ निकली भव्य बाइक रैली



**रायपुर।** बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर भव्य बाइक रैली निकाली गई। यह आयोजन बौद्ध युवा संघ व डॉ. भीमराव आंबेडकर सार्वजनिक जयंती समारोह समिति के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इस अवसर पर यह बाइक रैली हर वर्ष निकाली जाती है, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल होकर बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। यह रैली अशोकनगर बौद्ध विहार से सुबह 10 बजे प्रारंभ हुई और शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होते हुए घड़ी चौक तक पहुंची। रैली का मार्ग गुढ़ियारी, अग्रसेन चौक, आमापारा, भीमनगर और पुरानी बस्ती रहा। इस दौरान शहर के कई इलाकों में लोगों ने रैली का स्वागत किया और बाबा साहेब के प्रति अपना सम्मान व्यक्त किया। रैली में बच्चे, बुजुर्ग, महिलाएं और बड़ी संख्या में युवा शामिल हुए, जिससे पूरे माहौल में उत्साह और ऊर्जा देखने को मिली। धूप के बावजूद रैली में शामिल सभी आंबेडकरवादी साथी पूरे जोश और उत्साह के साथ आगे बढ़ते नजर आए। बाइक रैली के दौरान सभी बाइक पर नीले झंडे लगे रहे और जय भीम के नारे गूंजते रहे।

### युवाओं को सही दिशा में प्रेरित करने प्रयास

इस रैली का मुख्य उद्देश्य बाबा साहेब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाना और विशेष रूप से युवाओं को सही दिशा में प्रेरित करना है। वर्तमान समय में जब कई युवा भटक रहे हैं, ऐसे में यह रैली उन्हें जागरूक करने और समाज से जोड़ने का काम कर रही है। रैली शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस आयोजन को सफल बनाने में शासन-प्रशासन और पुलिस विभाग का महत्वपूर्ण योगदान रहा, जिसके लिए आयोजकों ने उनका आभार व्यक्त किया। मैक कॉलेज में बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर सार्वजनिक जयंती समारोह समिति द्वारा समाज की युवा प्रतिभाओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान शिक्षा, स्वास्थ्य, समाजसेवा जैसे लोक कल्याणकारी क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले युवाओं को प्रेरित व उत्साहित करने समिति ने सम्मानित किया।

● राजधानी के बाजारों में अब साजो-सामान की खरीदी के चलते रौनक, लग्न वेदी सजाने तैयारी तेज

# अबूझ मुहूर्त में घरों और मंदिरों में सजेंगे मंडप, आर्य मंदिर में 12 जोड़े लेंगे फेरे, कोर्ट में नहीं होगी मैरिज

'बच्चों को सरोकार से जोड़ने के लिए बनाई गई वर्षों पुरानी परंपराओं का निर्वहन अब भी लोग करते हैं। गुड्डे-गुड़ियां का ब्याह रचाने के लिए बच्चे भी बड़ों की तरह ही अक्षय तृतीया के अबूझ मुहूर्त पर लग्न मंडप ही नहीं सजाते, बल्कि मंडप में हल्दी-तेल और मायन की रस्में भी निभाने की तैयारी में हैं। इनके लिए बाजार में गुड्डे-गुड़ियां की शादी के साजो-सामान सजने लगे हैं। वहीं दूसरी तरफ आर्य मंदिर में ही 12 जोड़े फेरे लेने वाले हैं। जबकि कोर्ट मैरिज के लिए किसी ने पंजीयन नहीं कराया है।'

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ी परंपराओं में अक्षय तृतीया पर्व का विशेष महत्व है। मान्यता है कि सभी प्रकार के शुभ और मांगलिक कार्यों के लिए यह दिन खास होता है। इस बार 20 अप्रैल को अक्ती पर्व धूमधाम से शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में मनाया जाएगा। इसमें मिट्टी के गुड्डे-गुड़ियों का विवाह छत्तीसगढ़ी रीति-रिवाज से करने की तैयारी है। विवाह से पहले शहर के चौक-चौराहों के आसपास अक्षय तृतीया के लिए बाजार सज चुका है। जहां विवाह की रस्मों को निभाने की सामग्री उपलब्ध है। सामान्य रूप से गुड्डे-गुड़िया के विवाह में बच्चों की भागीदारी होती है, लेकिन इस वर्ष बड़े-बुजुर्ग भी विवाह का आनंद लेने शामिल होंगे। बड़ों के मार्गदर्शन में बच्चों द्वारा गुड्डे-गुड़िया का ब्याह रचाया जाएगा।



### महाराजबंध तालाब के पास सजेगी वेदी

शहर के प्रसिद्ध मां महामाया देवी मंदिर में सुबह से देर रात तक बच्चों की पहल पर गुड्डे-गुड़िया का विवाह किया जाता है। इस मौके पर बच्चे छत्तीसगढ़ी विवाह रस्म चूलमाटी, हल्दी व विवाह के रस्में पूर्ण करने पहुंचते हैं। साथ ही मठपारा स्थित महाराजबंध तालाब के पास भी मंडप सजाया जाएगा, जिसमें बच्चे ढोल-बाजे के साथ मंदिर परिसर में विवाह गीत गाते हुए पहुंचेंगे।



### बाजार में गुड्डे-गुड़िया की खरीदी तेज

अक्ती त्योहार से पहले ही बाजार में रौनक देखने को मिल रही है, जहां बच्चे उत्साह के साथ खरीदी कर रहे हैं। वहीं पुरानी बस्ती स्थित दुकान संचालक पूजा मानिकपुरी ने बताया कि दुकान में मऊर, कलश, दीपक, मिट्टी से तैयार गुड्डे-गुड़ियां सजाए गए हैं। इस वर्ष प्रतिमाओं को आकर्षक ढंग से सजाने के लिए चमकीले रंग और मुकुट भी बाजार में लाए गए हैं, जो बच्चों के लिए आकर्षण का केंद्र है। इसकी कीमत 50 रुपए से 120 रुपए जोड़ी तय की गई है। गुड्डे-गुड़िया भी 120 से 300 रुपए तक जोड़ी बेचे जा रहे हैं।




### अबूझ मुहूर्त में निभाई जाएंगी विवाह की रस्में

वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को अक्षय तृतीया का पर्व मनाया जाता है। यह दिन शुभ और फलकारी दिनों में शामिल है। वैदिक पंचांग के तहत इस साल 20 अप्रैल को अबूझ मुहूर्त मिलने वाला है। इस दिन घी, दूध, दही, तिल, स्वर्ण, चांदी, शहद जैसे वस्तुओं दान किया जाना चाहिए। पं. राकेश तिवारी के बताया कि मान्यता के तहत अक्षय तृतीय के दिन त्रेतायुग का आरंभ हुआ। अवसर को खास बनाने के लिए शहर के सामाजिक समितियों द्वारा चौक-चौराहों पर जलसेवा शुरू की जाती है। गुड्डे-गुड़िया के विवाह की रस्में गोधूलि बेला में मनाई जाएंगी।

### धुमाल और डीजे सहित सभी भवन बुक

मारुति मंगलम, निरंजन धर्मशाला सहित अधिकांश प्राइवेट मैरिज हॉल 19 और 20 अप्रैल के लिए पहले से बुक किए गए हैं। धुमाल और डीजे के व्यवसाय से जुड़े गुलशन यादव ने बताया कि इस दिन सभी टोलियों के पास काम है। वहीं निगम के सभी भवनों को लोगों ने बुक करा लिया है। इसमें रजबंधा मैदान, आमापारा और भनपुरी का सामुदायिक भवन लोगों ने बुक किया है। वहीं आर्य मंदिर के आचार्य अंकित शास्त्री ने बताया कि 19 अप्रैल को शादी के लिए 8 जोड़ों ने पंजीयन करा लिया है, जबकि 20 अप्रैल को शादी करने के लिए 4 आवेदन मिले हैं।

## भजन क्लबिंग के रंग में रंगा सिंधी समाज, भक्तिमय धुनों पर झूमे युवा



**रायपुर।** सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया, छत्तीसगढ़ इकाई युवा विंग द्वारा आयोजित भजन क्लबिंग ने भक्ति का एक नया स्वरूप पेश किया गया। आयोजन में पूरी शाम जयश्री राम और राधे-राधे के जयकारों के बीच आध्यात्मिक उल्लास बिखरा रहा। कार्यक्रम के दौरान युवाओं का उत्साह चरम पर था, जिससे वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया। सिंधी काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ और युवा विंग के अध्यक्ष जीतू लोहाना ने कार्यक्रम की सफलता पर जानकारी साझा करते हुए बताया कि युवाओं को अपनी जड़ों और भक्ति मार्ग से जोड़ने के लिए यह विशेष पहल की गई थी। इसमें बड़ी संख्या में युवाओं ने हिस्सा लिया और भजनों की धुन पर थिरकते हुए अपनी आस्था प्रकट की। कार्यक्रम की शुरुआत में महिला विंग की प्रदेश अध्यक्ष काजल सचदेव ने उपस्थित सभी अतिथियों का भव्य स्वागत और अभिनंदन किया। इस गरिमामयी आयोजन में मुख्य रूप से सांसद बृजमोहन अग्रवाल, शदाणी दरबार तीर्थ के सचिव उदय शदाणी और छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत के अध्यक्ष महेश दरयानी शामिल हुए। साथ ही पार्षद अनामिका सिंह, सिंधी काउंसिल के चेयरमैन संजय रहेजा, विक्की लोहाना, सुनील कुकरेजा, नितिन कृष्णानी, निलेश तारवानी, मनीष तलरेजा, विजय तनवानी, रोशन ओछवानी, धनेश मटलानी, रितेश वाधवा, लक्ष्मी बजाज चंचलानी, लक्की कुकरेजा, आकाश मेघानी और गौतम रेलवानी सहित समाज के कई गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

## ब्रह्मभट्ट ब्राह्मणों का परिचय सम्मेलन, 47 का आया बायोडाटा



**रायपुर।** ब्रह्मभट्ट श्रेष्ठ ब्राह्मणों की वो शाखा है, जिसके पास शस्त्र और शास्त्र दोनों होते हैं। वे माता सरस्वती के मानद पुत्र माने जाते हैं। ये बातें छत्तीसगढ़ बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा ने ब्रह्मभट्ट ब्राह्मणों द्वारा पुरानी बस्ती महामाया मंदिर सत्संग भवन में आयोजित सर्व ब्राह्मण वैवाहिक युवक-युवती परिचय सम्मेलन में सभा को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि आज जमाना संख्या बल का है और ऐसे में सभी ब्राह्मणों को आपसी मतभेद भुलाकर एक होना चाहिए, तभी प्रजातंत्र में आप अपनी उपस्थिति कायम रख सकते हैं। कार्यक्रम में 47 वैवाहिक बायोडाटा मिले, इनमें गोरखपुर, उमरिया, बालाघाट, नागपुर, जमशेदपुर सहित पूरे प्रदेश से बायोडाटा प्राप्त हुए। सम्मेलन में ब्रह्मभट्ट, सरयूपारी तथा उत्कल ब्राह्मणों के विवाहयोग्य युवक-युवतियों ने रजिस्ट्रेशन कराया, जिनका परिचय समाज से कराया गया। कार्यक्रम का संचालन अभिलाषा भट्ट, ज्योति भट्ट और नितिन शर्मा ने किया, जबकि पंजीयन में प्रमोद ब्रह्मभट्ट व मनीष भट्ट थे। भोजन व्यवस्था विकास ब्रह्मभट्ट व राजकुमार पांडेय ने संभाली। पूजा व्यवस्था रीना शर्मा और राजेश शर्मा ने संभाली। साथ ही अन्य व्यवस्थाओं में मनु शर्मा, प्रगति शर्मा, मनोज शर्मा, राघवेंद्र पाठक और रवि शर्मा जुटे रहे। वहीं छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण केंद्रीय समिति के विनय तिवारी एवं साथियों ने व्यवस्था में सराहनीय सहयोग दिया। कार्यक्रम में सभी प्रमुख ब्राह्मण संगठनों का स्वागत व सम्मान किया गया।




### जयस्तंभ चौक पर याद की जलियांवाला बाग की शहादत शहीद जवानों को दी श्रद्धांजलि



**रायपुर।** सन 1919 की जलियांवाला बाग शहादत के 108वें शहादत दिवस पर समाजसेवी संस्था राष्ट्रीय दिशा मंच ने श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन सुबह 5.30 बजे जयस्तंभ चौक पर आयोजित किया। कार्यक्रम में आजादी के आंदोलन में शहीद हुए सभी नामी, गुमनाम शहीदों के अलावा, शहीद हुए सभी भारतीय सेना के जवानों, अर्द्धसैनिक बल और पुलिस जवानों को भी श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम के पूर्व जयस्तंभ चौक की साफ-सफाई की गई और रंगोली से सजाया गया। कार्यक्रम की थीम रखी गई 'जिन्होंने हमारा कैरियर बनाने के लिए अपना कैरियर दांव पर लगा दिया।' जलियांवाला बाग को लेकर यह कार्यक्रम जयस्तंभ चौक पर राष्ट्रीय दिशा मंच वर्ष 1997 से लगातार आयोजित करती आ रही है। इसके अलावा दिशा मंच ने श्रद्धांजलि कार्यक्रम नूतन स्कूल टिकरापारा में भी स्कूली बच्चों के बीच आयोजित किया।

### अमर शहीदों को किया नमन

**रायपुर।** जलियांवाला बाग हत्याकांड की 107वीं बरसी के अवसर पर राज्य अल्पसंख्यक आयोग द्वारा भगत सिंह चौक पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सिख समाज सहित अन्य समाज के नागरिकों, सामाजिक संगठनों, युवाओं एवं गणमान्यजनों ने बड़ी संख्या में सहभागिता निभाते हुए अमर शहीदों को नमन किया। उपस्थित जनसमूह ने हाथों में मोमबत्तियां लेकर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किए।



## खबर संक्षेप

### बस्तर के आदिवासियों को पशुपालन-रोजगार देने के निर्णय पर सीएम का जताया आभार

रायपुर। नहर पारा विकास समिति के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को पत्र लिखकर बस्तर के आदिवासियों को जो लंबे समय से हिंसा का शिकार रहे तथा रोजगार से वंचित रहे, हर बीपीएल परिवार को दो-दो गाय देने की घोषणा एवं उनके रोजगार के लिए मछलीपालन व पशुपालन के नए रोजगार खोलने के मुख्यमंत्री के निर्णय का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष, पूर्व पार्षद रमेश आहूजा ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री साय अत्यंत संवेदनशील नेता हैं, जिन्हें समाज के हर वर्ग की चिंता है, विशेष कर आदिवासी समाज की। साथ ही छग के निजी स्कूलों द्वारा की जा रही मनमानी पर अंकुश लगाने की घोषणा का भी हम स्वागत करते हैं। श्री आहूजा ने कहा कि लगभग 2000 स्कूलों के पास सीबीएसई की मान्यता नहीं है, फिर भी मनमानी फीस वसूल रहे हैं। साथ ही महंगी किताबें व स्कूल ड्रेस के नाम पर भी लूट मचा रहे हैं। स्कूल की यह मनमानी नहीं चलेगी।

### शिल्पा को मिली पीएचडी की उपाधि



रायपुर। कलिंगा यूनिवर्सिटी ने शिल्पा पांडेय को प्रबंध संकाय में शोधकार्य के लिए पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उनके शोध का विषय स्टडी इन आपार्चुनिटिस एंड स्कोप ऑफ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पावर्ड रिक्रूटमेंट एंड सलेक्शन था। उन्होंने अपना शोधकार्य कलिंगा विवि रायपुर के डायरेक्टर जनरल डॉ. बैजू जॉन के निर्देशन में पूरा किया। वे रायपुर निवासी अविनाश-सुनीता दीवान की पुत्री एवं इंजीनियर सोमेशचंद्र पांडेय की पत्नी हैं।

### बाबा आंबेडकर जयंती पर समरसता भोज आज

रायपुर। बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती के उपलक्ष्य पर भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ द्वारा शंकर नगर वार्ड के दुर्गा मैदान में 14 अप्रैल को समरसता भोज का आयोजन किया जा रहा है, जिसमे झुग्गी बस्तियों से लगभग 1 हजार लोग शामिल होंगे। यह जानकारी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक संजू नारायण सिंह ठाकुर ने देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय शामिल होंगे। साथ ही भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, मंत्री गुरु खुशवंत साहब, भाजपा प्रदेश महामंत्री नवीन मारकण्डे आदि उपस्थित रहेंगे।

## निधन

### कविता वासवानी



रायपुर। पंजाबी कॉलोनी संत कंवरराम नगर कटोरा तालाब निवासी कविता वासवानी का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 14 अप्रैल को शाम 5.30 बजे उनके निवास स्थान से राजेंद्र नगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे गुरुदास वासवानी की धर्मपत्नी व छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स के कार्यकारी अध्यक्ष राजेश वासवानी व भागचंद, अर्जुनदास कैलाश वासवानी की बहू थीं।



### श्रीधर तिवारी

रायपुर। चौबे कॉलोनी निवासी विद्युत मंडल के अवकाश प्राप्त अधीक्षण यंत्री श्रीधर तिवारी (88) का 12 अप्रैल को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार कोटा मुक्तिधाम में किया गया। वे नीरज तिवारी के पिता थे।



### राजू भिवगड़े

रायपुर। तिलक नगर जनता कॉलोनी गुढ़ियारी निवासी राजू भिवगड़े का 12 अप्रैल को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार कोटा मुक्तिधाम में 13 अप्रैल को किया गया।

# सरिया की डिमांड कम फिर भी बढ़े दाम, चिल्हर में 60 हजार, मंडी गोबिंदगढ़ के सट्टा बाजार का बड़ा असर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मंडी गोबिंदगढ़ से ही सरिया का रेट पूरे देश में खुलने के कारण यहां के सट्टा बाजार के कारण हमेशा से ही आपदा में अवसर उठाने का काम यहां के कारोबारी करते हैं। युद्ध का सरिया के उत्पादन से ज्यादा लेना देना नहीं है, लेकिन मंडी गोबिंदगढ़ में रेट का खेल चल रहा है। इसके कारण सरिया के दाम रोज कम ज्यादा हो रहे हैं। हालांकि अपने राज्य में गोविंदगढ़ में जो रेट खुलता है, उससे कारोबारी रेट कुछ कम ही रखते हैं। इसके बाद भी अपने राज्य में भी इस समय सरिया का रेट बढ़ गया है। इस साल के प्रारंभ में भी सरिया का रेट 50 हजार के आसपास था, लेकिन अब दाम थोक में 56 से 58 हजार और चिल्हर में 58 से 60 हजार हो गए हैं।

## प्रदेश में कम बढ़े दाम, कच्चे माल की कमी नहीं, गैस संकट से थोड़ी परेशानी

### रोज 20 हजार टन का उत्पादन

प्रदेश में राज स्पंज आयरन और सरिया का करीब 20 हजार टन का उत्पादन होता है। सरिया का उत्पादन पूरी तरह से स्पंज आयरन पर निर्भर है। राजधानी रायपुर में ही रोज 12 से 13 हजार टन सरिया का उत्पादन होता है। पूरे प्रदेश में यह उत्पादन 20 हजार टन के आस-पास होता है। इस समय डिमांड कम होने के साथ ही गैस संकट के चलते स्पंज आयरन के साथ सरिया का उत्पादन भी 25 फीसदी तक कम हो गया है। यानी इस समय रोज 15 हजार टन के आस-पास ही सरिया बन रहा है। प्रदेश में बनने वाले सरिया की डिमांड दूसरे राज्यों में ज्यादा रहती है। दूसरे राज्यों में छत्तीसगढ़ से उत्पादन का 80 फीसदी सरिया जाता है। 20 फीसदी की खपत ही अपने राज्य में होती है।



### 80 हजार के पार गए हैं दाम

सरिया के दाम इतिहास में पहली बार तीन साल पहले 2022 में 80 हजार के पार गए थे। 2021 से दाम बढ़ने का क्रम प्रारंभ हुआ था जो 2022 मार्च में 80 हजार के पार तक गया था। इसके बाद दाम कम होने प्रारंभ हुए और एक बाद दाम 55 हजार के करीब पहुंचे लेकिन फिर से दाम बढ़ने लगे। 2023 और 2024 में भी दाम 55 हजार से कम नहीं हुए, लेकिन बीते साल इसके दाम कम होकर 50 हजार से भी कम हो गए थे। इसके बाद इस साल के प्रारंभ में भी दाम 50 हजार से कम थे।लेकिन इसके बाद से इसके दाम में इजाफा हो रहा है।

मंडी गोविंदगढ़ में तो इस समय सरिया का बेसिक रेट 47 हजार है, लेकिन जहां तक अपने प्रदेश का सवाल है तो यहां पर इसके दाम बेसिक 42 हजार हैं। इसमें 10 से लेकर 25 एमएम तक के सरिया में 5500 रुपए अंतर के जुड़ते हैं। ऐसे में इसके दाम 47500 रुपए होते हैं। इसमें 18 फीसदी जीएसटी लगती है। इसको मिलाकर 56 हजार 50 रुपए हो जाते हैं। इसमें लोडिंग चार्ज मिलाकर दाम 56500 रुपए हो जाते हैं। यह दाम थोक के हैं। 8 एमएम में सात हजार रुपए अंतर के जुड़ते हैं। ऐसे में इसके दाम जीएसटी को मिलाकर 58 हजार हो जाते हैं। चिल्हर में अलग-अलग बिल्डिंग मटेरियल की दुकानों में दाम अलग-अलग हैं। चिल्हर में सरिया के दाम 58 से 60 हजार रुपए टन चल रहे हैं। यह लोकल सरिया के दाम हैं। ब्रांडेड सरिया के दाम इससे दो से ढाई हजार ज्यादा हैं।

# हवाला रकम की फिल्मी अंदाज में 35 लाख रुपए की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

तेलीबांधा थाना में मुंबई के एक हवाला कारोबारी के कर्मी ने अज्ञात ठग के खिलाफ हवाला कारोबार की रकम ट्रांसफर करने के नाम पर 35 लाख रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। हवाला रकम लेने पहुंची तीसरी पार्टी ने नोट का गलत नंबर देकर कारोबारी के कर्मी को ठगी का शिकार बनाया। कारोबारी के कर्मी ने जिन लोगों से मोबाइल से संपर्क किया था, उन नंबरों को ट्रेस कर पुलिस आरोपी की पहचान करने की कोशिश में जुटी हुई है।

मुंबई, बांद्रा ईस्ट निवासी करण शर्मा ने अज्ञात जालसाज के खिलाफ ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक मुंबई के हवाला कारोबारी ने अपने कर्मी को एक पार्टी से 35 लाख रुपए लेने भेजा। इसके बाद पार्टी से पैसा लेने के बाद दूसरी पार्टी को देने कहा। इसके बाद उस दूसरी पार्टी ने हवाला कारोबारी के कर्मी को तीसरी पार्टी को देने के लिए कहा।

### नोट का सीरियल नंबर गड़बड़ाया



### नोट मिलान करने के बाद पता चला ठगी हुई

तीसरी पार्टी को रकम देने के बाद हवाला कारोबारी के कर्मी ने 20 रुपए का आधा नोट लेकर उसका फोटो खींच कर अपने मालिक के पास भेजा। वाट्सएप से तीसरी पार्टी के 20 रुपए तथा अपने पास जमा 20 रुपए के आधे नोट का मिलान किया, तब हवाला कारोबारी को अपने साथ ठगी होने की जानकारी मिली। पुलिस को आशंका है कि हवाला कारोबार से जुड़े लोगों ने मुंबई के हवाला कारोबारी के साथ ठगी करने हवाला रकम ट्रांसफर करने नोट के सीरियल नंबर में फेर बदल कर ठगी का शिकार बनाया।

### तीसरी पार्टी ने गलत नंबर देकर ठगी का शिकार बनाया

मुंबई के हवाला कारोबारी द्वारा जिनसे पैसा लेने के बाद दूसरी पार्टी के बाद तीसरी पार्टी को देने जो 20 रुपए का नोट का सिरियल नंबर था, वह लीक हो गया। इस बात का फायदा उठाकर कथित तीसरी पार्टी ने 20 रुपए के नोट के सिरियल नंबर में फेरबदल कर गलत नंबर बताकर हवाला कारोबारी के कर्मी से 35 लाख रुपए लिया और रफू चक्कर हो गया।

# एग्रीस्टेक परियोजना में राज्य का उत्कृष्ट प्रदर्शन, छत्तीसगढ़ को मिले 104 करोड़ रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- डिजिटल क्रॉप सर्वे से बढ़ी पारदर्शिता, 58 हजार से अधिक युवाओं को रोजगार

छत्तीसगढ़ में कृषि क्षेत्र को तकनीकी रूप से सशक्त और आधुनिक बनाने की दिशा में केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी एग्रीस्टेक परियोजना नई क्रांति का आधार बन रही है। इस परियोजना के अंतर्गत संचालित डिजिटल क्रॉप सर्वे योजना ने राज्य में खेती-किसानी को डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़ते हुए पारदर्शिता और सटीकता बढ़ाने का कार्य किया है। मोबाइल ऐप आधारित इस सर्वे के जरिए खरीफ और रबी फसलों की जानकारी ऑनलाइन दर्ज की जा रही है, जिससे कृषि प्रबंधन अधिक प्रभावी बन रहा है।

***85 प्रतिशत खसरों का डिजिटल सत्यापन पूर्ण:*** खरीफ वर्ष 2025 के लिए 15 अगस्त से प्रारंभ किए गए डिजिटल क्रॉप सर्वे में राज्य के 33 जिलों के 18,008 गांवों के कुल 1 करोड़ 19 लाख 68 हजार 415 खसरों का सर्वेक्षण किया गया। इनमें से 1 करोड़ 18 लाख 07 हजार 537 खसरों को अनुमोदित किया गया है। इस प्रकार 85 प्रतिशत खसरों का डिजिटल सर्वे कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया है। वहीं, रबी फसल वर्ष 2026 का सर्वे 1 जनवरी से जारी है।



### साल में दो बार मिलेगा रोजगार

अब वर्ष में दो बार- खरीफ और रबी सीजन में- डिजिटल फसल सर्वे होने से ग्रामीण युवाओं को नियमित रोजगार के अवसर मिलेंगे। इससे गांवों में आर्थिक गतिविधियां बढ़ेंगी और तकनीक आधारित कृषि प्रणाली को नई मजबूती मिलेगी।

### तकनीक से मजबूत होगा कृषि तंत्र

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा, प्रदेश सरकार किसानों को आधुनिक तकनीक से जोड़कर खेती को अधिक सक्षम और पारदर्शी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। एग्रीस्टेक परियोजना के माध्यम से किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ शीघ्र मिलेगा तथा कृषि आंकड़ों का वैज्ञानिक प्रबंधन संभव होगा।

### ग्रामीण युवाओं के लिए रोजगार का नया अवसर

राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा ने कहा, डिजिटल क्रॉप सर्वे केवल तकनीकी सुधार नहीं, बल्कि ग्रामीण युवाओं के लिए रोजगार का नया माध्यम बन रहा है। उन्होंने बताया कि खरीफ सीजन 2025-26 में 33 जिलों के 14,066 गांवों में डिजिटल फसल सर्वेक्षण कार्य पूर्ण किया गया, जिसमें 58 हजार 335 ग्रामीण बेरोजगार युवाओं को सर्वेयर के रूप में रोजगार मिला। इन युवाओं को इस कार्य के एवज में लगभग 12 करोड़ रुपये का भुगतान किया जाएगा।

# बाबा आंबेडकर ने संविधान के साथ ही लिख दी करोड़ों लोगों की तकदीर



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मखियार समाज एवं अम्बेडकर संघर्ष समिति द्वारा विगत दिनों वृंदावन हॉल में आंबेडकर जयंती के पूर्व एक भव्य सामाजिक सम्मेलन एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सामाजिक न्याय कार्यकर्ता अधिवक्ता भगवानू नायक बतौर मुख्य वक्ता उपस्थित रहे। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा, 14 अप्रैल केवल एक तिथि नहीं, बल्कि एक महान व्यक्तित्व का जन्मदिवस है, जिन्होंने करोड़ों वंचित और शोषित लोगों को उनके अधिकार दिलाने का कार्य किया।

उन्होंने बताया कि जब समाज में घोर असमानता और भेदभाव व्याप्त था, तब एक छोटे से बालक ने संकल्प लिया कि वह शिक्षा प्राप्त कर व्यवस्था को बदलेगा-वह बालक थे डॉ. भीमराव अंबेडकर। उन्होंने कहा, डॉ. अंबेडकर ने संविधान के साथ ही इस देश के करोड़ों लोगों की तकदीर लिख दी। उनके द्वारा दिए गए संविधान के कारण आज हर व्यक्ति को समानता का अधिकार मिला है, वह सवाल पूछ सकता है, शिक्षा प्राप्त कर सकता है और अपने अधिकारों के लिए आवाज उठा सकता है। उनके प्रयासों के कारण आज प्रत्येक व्यक्ति को समानता, स्वतंत्रता और न्याय का अधिकार प्राप्त है। वास्तव में, डॉ. अंबेडकर केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन की वह शक्ति हैं, जिन्होंने एक नए और समानतापूर्ण भारत की नींव रखी।

### न्यायिक सहायक द्वितीय चरण के लिए 178 चयनित

रायपुर। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के अंतर्गत रिक्त कनिष्ठ न्यायिक सहायक पदों के लिए व्यापम द्वारा 4 जनवरी को प्रथम चरण की लिखित परीक्षा आयोजित की गई थी। उक्त लिखित परीक्षा में अभ्यर्थियों के प्राप्तांकों के मेरिट के आधार पर विज्ञापन की शर्तों के अनुसार 1:15 के अनुपात में 178 अभ्यर्थियों को द्वितीय स्तर की कौशल परीक्षा के लिए पात्र पाया गया है। कौशल परीक्षा की संभावित 26 अप्रैल को आयोजित की जाएगी। अभ्यर्थी अपना प्रवेश पत्र उच्च न्यायालय की वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं, जो अभ्यर्थी के साक्षात्कार के लिए अधिकृत प्रवेश पत्र होगा।

# सीमांकन कराए बगैर नाला निर्माण, ऐतराज के बाद स्थल पर पहुंचे निगम के अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- अधीक्षण अभियंता, लोक कर्म विभाग अध्यक्ष दीपक जायसवाल, जोन अध्यक्ष गोपेश साहू सहित वार्ड पार्षद रेणु-जयंत साहू रहे उपस्थित

नगर निगम जोन 9 के लाल बहादुर शास्त्री वार्ड में वीआईपी रोड स्थित विधायक कालोनी लभांडी से अविनाश वन होते हुए एनएच 51 तक नाला पुनर्निमाण से पहले नाले की जमीन का सीमांकन कराने की मांग जोर पकड़ने लगी है। नाले की जमीन पर 15 से 20 फीट अवैध कब्जा को लेकर वार्ड पार्षद रेणु-जयंत साहू ने निगम आयुक्त विश्वदीप से भी शिकायत की है।

इस मामले में नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने तीन दिन पहले स्थल पर जाकर वस्तुस्थिति का जायजा लेते हुए नाले का सीमांकन कराने से पहले नाला निर्माण को लेकर जमकर नाराजगी जताई थी। एक माह से बिना पार्षद को जानकारी दिए चल रहे काम की शिकायत होने पर सोमवार को लोक कर्म विभाग अध्यक्ष दीपक जायसवाल, जोन 9 अध्यक्ष गोपेश साहू, अधीक्षण अभियंता संजय बागड़े, जोन कमिश्नर राकेश शर्मा, कार्यपालन अभियंता पदमाकर श्रीवास, जोन कार्यपालन अभियंता शरद ध्रुव के साथ स्थल का औचक निरीक्षण किया। इसमें नाला पुनर्निमाण से पहले नाले की जमीन का सीमांकन कर निगम के अधिकारियों को कार्य की मानिटरिंग करने निर्देश दिए गए। नाला की जमीन पर अवैध कब्जा हटाने की मांग स्थानीय जन प्रतिनिधि लगातार कर रहे हैं।



बिना लिखित अनुमति के काम शुरू कराने पर वार्ड पार्षद ने आपत्ति जताते हुए इस मामले को लेकर निगम के अधिकारियों से भी सवाल किया है। उनका आरोप ये है कि निजी बिल्डर को लाभ पहुंचाने 1 करोड़ 94 लाख की स्वीकृति से नाला पुनर्निमाण का कार्य हड़बड़ी में कराया जा रहा है। निगम आयुक्त को लिखे पत्र में लाल बहादुर शास्त्री वार्ड पार्षद ने आरोप लगाया है कि आसपास के हॉटल व्यवसायिओं द्वारा नाले की भूमि पर अतिक्रमण करने की वजह से नाला अत्यंत सकरा हो गया है, यदि इसका निष्पक्ष सीमांकन नहीं कराया गया, तो शासकीय भूमि पर वास्तविक अतिक्रमण की जानकारी नहीं आ पाएगी, निर्माण कार्य से निजी पक्षों को अनुचित लाभ मिल सकता है। उन्होंने निगम आयुक्त से आग्रह किया है सीमांकन की प्रक्रिया में स्थानीय पार्षद होने के नाते हुए उन्हें शामिल करने संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया जाए।

# बढ़ते अपराध, नशाखोरी के खिलाफ प्रदर्शन, ज्ञापन सौंपा



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- कानून व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ, तो किसान कांग्रेस आंदोलन करने के लिए होगी बाध्य

प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था, मासूम बच्चियों के साथ हुई दरिंदगी और गली-मोहल्लों में बढ़ती नशाखोरी के खिलाफ रायपुर जिला शहर किसान कांग्रेस कमेटी ने विरोध प्रदर्शन किया। संगठन के पदाधिकारियों ने अनुविभागीय दंडाधिकारी रायपुर को ज्ञापन सौंपकर अपराधियों पर कठोर कार्यवाही करने की मांग की। ज्ञापन में बेटियों को सुरक्षा,शहर में बढ़ रहे नशे के अवैध अड्डों को तत्काल बंद कर छापेमारी की मांग की गई।

साथ ही पुलिस गश्त में बढ़ोतरी करने और संवेदनशील इलाकों में पुलिस की मुस्तैदी बढ़ाने का आग्रह किया गया। जिला अध्यक्ष निशा शर्मा नेकहा कि यदि प्रशासन ने जल्द ही सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम नहीं किए और कानून व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ, तो किसान कांग्रेस आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी।

इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष निशा शर्मा, उपाध्यक्ष प्रतीक तिवारी, दक्षिण प्रभारी एवं प्रदेश सचिव महिला कांग्रेस पूनम यादव, हेमलता सिन्हा, वर्षा साहू, आनंद पांचाल समेत जिला किसान कांग्रेस के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## पेज 3 के शेष ...

### चालीस डिग्री तक पहुंचा ..

चालू तो कर दिया गया है, मगर पानी के अभाव में उससे निकलने वाली हवा राहत देने के बजाए परेशानी बढ़ा रही है। वार्डों में भर्ती मरीजों ने बताया कि लगाए गए इन बड़े-बड़े कूलरों में पानी भरने वाला कोई नहीं है। गर्मी कम होने की वजह से अभी तो स्थिति ठीक है, मगर ज्यों-ज्यों पारा चढ़ेगा, मरीजों की तकलीफ बढ़ती जाएगी।

अस्पताल सूत्रों का कहना है कि भूतल के वार्डों के मरीजों को ज्यादा दिक्कत नहीं है, मगर प्रथम और द्वितीय तल के वार्डों में भर्ती मरीज बीमारी के साथ गर्मी की पीड़ा भी झेलते हैं। हरिभूमि की टीम जांच के लिए वार्डों में पहुंची, तो वहां मरीजों को गर्मी से छुटकारा दिलाने के लिए एक-दो कूलर तो रखे गए थे, मगर इसे शुरू नहीं किया गया है। अस्पताल के इमरजेंसी एवं ट्रामा में मरीजों और मौजूद चिकित्सकीय स्टाफ को राहत देने के लिए एसी लगाए गए हैं, जिनके आवश्यकता अनुसार मेटेनेंस का काम चल रहा है।

### प्लास्टिक की बोतल में ...

होने के बाद सभी दुकानों में देशी और चीप रेंज की शराब सिर्फ प्लास्टिक बोतल वाली ही मिलेगी। ***जैसे-जैसे सप्लाई आएगी भंडारण कराया जाएगा:*** प्रदेश में प्लास्टिक बोतल में शराब की सप्लाई शुरू हो गई है। देशी शराब की सप्लाई करने वाली दो कंपनियों का पहला खेप आ चुका है। जिन दुकानों में पुराना स्टॉक खत्म हो गया है या होने वाला है, उन दुकानों में सप्लाई शुरू करा दी है। जैसे-जैसे सप्लाई आएगी, वैसे-वैसे दुकानों में भी भंडारण कराया जाएगा।

*-राजेश शर्मा, जिला अधिकारी, आबकारी विभाग*

### चंपारण में अवैध रूप से ..

चंपारण में बने धर्मशाला भवन पंचकोषी धाम में यह बाल आश्रम चलाया जा रहा था। इस आश्रम को एनजीओ से जुड़ी एक महिला अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर चला रही थी। बाल आश्रम चलाने के लिए किसी भी प्रकार की अनुमति संबंधित विभागों से नहीं ली गई थी। अवैध रूप से चल रहे बाल आश्रम को लेकर शिकायत आई थी।

इस शिकायत के आधार पर जिला बाल संरक्षण इकाई, महिला एवं बाल विकास विभाग, रायपुर, एसोसिएशन फॉर वॉलंटरी एक्शन तथा चाइल्ड हेल्पलाइन की संयुक्त टीम ने आश्रम में दबिश दी। इस दौरान आश्रम में 14 बच्चे थे। इनमें 4-5 बालिका एवं अन्य बालक थे। इन बच्चों की उम्र 3 वर्ष से लेकर 15 वर्ष के बीच है। अधिकारी ने बताया कि आश्रम में बच्चों को असुरक्षित परिस्थितियों में रखा गया था। इन सभी बच्चों को रेस्क्यू कर बाल केंद्र में रखा गया है।

### उच्च शिक्षा-स्कूल शिक्षा ...

बीएससी-बीएड और बीकॉम-बीएड पाठ्यक्रम संचालित करने के लिए 18 महाविद्यालयों ने आवेदन दिया था। शिक्षा पाठ्यक्रम संचालित करने के लिए महाविद्यालयों को एनसीटीई अर्थात नेशनल काउंसिल फॉर टीचर्स एजूकेशन सहित राज्य के विवि और संबंधित विभाग से मान्यता प्राप्त करना अनिवार्य है। आवेदन करने वाले केवल 2 महाविद्यालयों को ही एनसीटीई ने मान्यता प्रदान की है। अब ये दो महाविद्यालय प्रदेश स्तर पर मान्यता प्राप्त होने का इंतजार कर रहे हैं।

दअसल, बीएड पाठ्यक्रम को मान्यता स्कूल शिक्षा विभाग, एससीईआरटी प्रदान करता है। वहीं बीए, बीकॉम, बीएससी पाठ्यक्रम को मान्यता उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रदान की जाती है। इंटीग्रेटेड बीए-बीएड, बीएससी-बीएड और बीकॉम-बीएड पाठ्यक्रम इन दोनों पाठ्यक्रम का संयोजन है। इस कारण यह स्थिति निर्मित हो गई है। आंकड़ों के मुताबिक, प्रदेश में पांच महाविद्यालय हैं जहां बीए-बीएड, बीएससी-बीएड और बीकॉम-बीएड वर्तमान में संचालित हो रहे हैं। इनकी 400 सीटें बीते सत्र तक थीं।

### चार माह से खड़ी हैं ...

किया। बेंगलुरु की एक कंपनी ने टेंडर हासिल कर मोबाइल फोरेंसिक वैन तय समय सीमा में उपलब्ध करा दी। बताया जा रहा है, संचालन और वितरण को लेकर प्रशासनिक स्तर पर निर्णय में देर के कारण पूरी योजना फाइलों में अटक गई। वर्तमान में ये सभी वाहन तीसरी वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल के परिसर में खड़े हैं, जिससे सरकार की मंशा और जमीनी क्रियान्वयन के बीच का अंतर साफ नजर आ रहा है।

## महिला सशक्तिकरण के महानायक थे बाबा साहेब

रायपुर। भारत रत्न, संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती के पूर्व सोमवार को भोईपारा स्थित सामुदायिक भवन में मखियार समाज के महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि उत्कल गाड़ा महिला महामंच की प्रदेश अध्यक्ष सावित्री जगत ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर ने महिलाओं को शिक्षा, संपत्ति और समान मताधिकार दिलाने के लिए आजीवन संघर्ष किया। उन्होंने महिलाओं को पुरुषों के बराबर अधिकार दिलाने की लड़ाई लड़ी। इतना ही नहीं, स्वतंत्रता के तुरंत बाद महिलाओं को वोट देने का संवैधानिक अधिकार दिलाया। कार्यक्रम में मखियार समाज अध्यक्ष रन्नो खांडेकर, वंदना फारसी, मंजू रगड़े, सरस्वती खांडेकर, दुर्गा सांडेकर, संजना सांडेकर, कविता त्यागी, स्मृति महानंद, रानी सोनवानी, निशा खांडेकर, वीणा रगड़े, अंजू सांडेकर आदि उपस्थित रहीं।



# फार्म हाउस में युवक और युवतियों का सामूहिक हुक्का पीने का वीडियो वायरल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- तेलीबांधा पुलिस मामले की जांच में जुटी

तेलीबांधा थाना क्षेत्र के वीआईपी रोड स्थित विशालनगर के एक फामई हाउस में युवक-युवतियों का सामूहिक रूप से हुक्का पीने का सोशल मीडिया में वीडियो वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो के आधार पर पुलिस मामले की जांच शुरू कर फार्म हाउस संचालक के खिलाफ कार्रवाई करने की कोशिश में जुटी हुई है।

वायरल वीडियो में युवक-युवतियां खुलेआम हुक्का पीते और फिल्मी गानों पर रील बनाते नजर आ रहे हैं। आठ अप्रैल को एक फार्महाउस में प्राइवेट इवेंट के नाम पर पार्टी आयोजित की गई थी। इस दौरान बड़ी संख्या में युवक-युवतियां शामिल हुए, जहां खुलेआम हुक्का परोसा गया। प्रसारित वीडियो में दिख रहा है कि पार्टी में शामिल लोग 'गैंगस्टर' फिल्म के गाने पर रील बनाते हुए हुक्का गुड़गुड़ाते नजर आ रहे हैं। पार्टी को आकर्षक बनाने के लिए आयोजकों द्वारा पहले से सोशल मीडिया पर इसका प्रचार-प्रसार किया था। कार्यक्रम में मनोरंजन के लिए सिंगर के साथ तबला, गिटार और बांसुरी वादकों को भी बुलाया गया था, जिससे यह आयोजन बड़े स्तर पर किया गया प्रतीत हो रहा है।



# दो घंटे के भीतर 78 ई-रिक्शा के चालक ट्रैफिक उल्लंघन करते धरे गए

## ई-रिक्शा चालकों की मनमानी चरम पर, बगैर ड्राइविंग लाइसेंस पकड़े गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर के ट्रैफिक सिस्टम को ध्वस्त करने में ई-रिक्शा की बड़ी भूमिका है। इसका कारण बूढ़ी हो चुके आईटीएमएस कैमरा में ई-रिक्शा का नंबर रीड नहीं हो पाना है। नंबर रीड नहीं हो पाने का फायदा उठाते हुए ई-रिक्शा के चालक खुलेआम ट्रैफिक उल्लंघन करते हैं। इस बात का ध्यान रखते हुए ट्रैफिक पुलिस अमला ने रविवार को ट्रैफिक उल्लंघन करने के आरोप में 78 ई-रिक्शा चालकों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की है। इसके साथ ही तीन ई-रिक्शा चालकों से उनके पेंडिंग ई-चालन की जुर्माना राशि वसूल की है। ट्रैफिक पुलिस ने जिन ई-रिक्शा चालकों के खिलाफ कार्रवाई की है, उनमें बड़ी संख्या में बगैर ड्राइविंग लाइसेंस के ई-रिक्शा चलाते पकड़े गए। इसके साथ ही रांग साइड के साथ नो पार्किंग जोन में रिक्शा पार्क कर सवारी का इंतजार कर रहे ई-रिक्शा के चालक हैं।

### राजधानी में 22 हजार से ज्यादा रिक्शा

राजधानी में ऑटो सहित ई-रिक्शा की संख्या 22 हजार से ज्यादा है। 22 हजार में से 90 प्रतिशत संख्या ई-रिक्शा की है। ई-रिक्शा संचालन करने का कोई नियम नहीं बनाने की वजह से ई-रिक्शा के चालक मनमानी कर रहे हैं। ई-रिक्शा के चालक जिन मार्गों पर सवारी का दबाव ज्यादा रहता है, उन्हीं मार्गों पर ई-रिक्शा चलाते हैं। व्यस्त मार्गों पर ई-रिक्शा की संख्या जरूरत से ज्यादा होने की वजह से ट्रैफिक का दबाव बढ़ जाता है। इन ई-रिक्शा चालकों की वजह से लोग जाम में फंसते हैं।



### ज्यादातर ट्रैफिक उल्लंघन ई-रिक्शा चालक करते हैं

शहर के सभी चौराहों पर ट्रैफिक उल्लंघन करने वालों में ई-रिक्शा चालकों की संख्या ज्यादा है। ई-रिक्शा के चालक शहर के अति व्यस्ततम चौक खजाना तिराहा, कलेक्टोरेट चौराहा में भी सिग्नल जंप करने से नहीं हिचकते। इसके कारण हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।



### प्रयोग सफल होने पर घड़ी चौक पर मिली राहत

घड़ी चौक को ऑटो फ्री जोन करने से एक बड़ी आबादी को ट्रैफिक जाम से मुक्ति मिली है। कुछ इस तरह के प्रयोग करने से मालवीय रोड, सदर बाजार, बंजारी रोड के साथ गोल बाजार को ऑटो फ्री जोन करने से लोगों को इन मार्गों पर ट्रैफिक जाम से मुक्ति मिलेगी। पूरे समय ऑटो फ्री जोन नहीं करने की स्थिति में इन प्रमुख मार्गों पर ऑटो आवाजाही करने एक निश्चित समय निर्धारित करने से लोगों को राहत मिलेगी।

### नशेड़ी ई-रिक्शा चालक ने महिला को कुचला

पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के अश्विनी नगर में रविवार शाम एक महिला सड़क किनारे खड़ी थी। इस दौरान एक नशेड़ी ई-रिक्शा के चालक ने लहराते हुए तेज रफ्तार ई-रिक्शा से महिला को बुरी तरह से कुचल दिया और मौके से फरार हो गया। घटना का सीसीटीवी फूटेड सामने आया है। महिला गंभीर रूप से घायल है। ई-रिक्शा चालक की पुलिस ने पहचान कर ली है। घायल महिला के परिजन मंगलवार को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने पहुंच रहे हैं।

# 2 वार्डों की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण निर्धारित संख्या से कम मिले सफाईकर्मी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर।

ठेके पर चल रही शहर की सफाई व्यवस्था एक ओर जहां सुधरने का नाम नहीं ले रही है, वहीं दूसरी ओर कुछ अनुबंधित ठेकेदार वार्डों में निर्धारित संख्या से कम सफाई कर्मचारी भेजकर खानापूर्ति करने में लगे हैं। ऐसा ही एक मामला जोन 9 कमिश्नरी में सामने आया। जोन कमिश्नर राकेश शर्मा ने सोमवार को कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड और महात्मा गांधी वार्ड की सफाई व्यवस्था का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान संबंधित वार्डों में निर्धारित संख्या से कम ठेका सफाई कर्मचारी ड्यूटी पर मिले। गंदगी तथा कचरे के ढेर मिलने पर ठेकेदारों पर 15 हजार रुपए जुर्माना किया गया। कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड के सफाई ठेकेदार को वार्ड में कार्यरत 19 ठेका सफाई



कर्मचारियों के ईपीएफ एवं ईएसआईसी को नहीं पटाने के कारण जोन कमिश्नर ने नोटिस दिया है।

नगर निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर जोन 9 जोन कमिश्नर राकेश शर्मा ने कार्यपालन अभियंता शरद ध्रुव, उपअभियंता अंकिता जनार्दन,जोन स्वास्थ्य अधिकारी उमेश नामदेव, बारोन बंजारे, और स्वच्छता निरीक्षकभोला तिवारी की उपस्थिति में कुशाभाऊ ठाकरे और महात्मा गांधी वार्ड की सफाई व्यवस्था का स्थल पर निरीक्षण किया। इस दौरान कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड में कई स्थानों पर मुख्य मार्गो में गंदगी और कचरे के ढेर मिले। जोन कमिश्नर ने सफाई व्यवस्था में लापरवाही को लेकर अनुबंधित सफाई ठेकेदार एसएस इन्फ्राटेक साल्युशन्स को नोटिस देकर 10 हजार रुपए का अर्थदण्ड किया, 2 दिन में लिखित प्रतिवेदन जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिये।

इसी तरह महात्मा गांधी वार्ड की सफाई व्यवस्था का प्रत्यक्ष अवलोकन अधिकारियों सहित किया। वार्ड गंदगी व कचरे के ढेर पाये गये इस पर संबंधित सफाई ठेकेदार दीपक जोशी को नोटिस देकर 5 हजार रुपए का अर्थदण्ड करते हुए 2 दिन के भीतर लिखित प्रतिवेदन जवाब देने निर्देश दिए हैं।

























## खबर संक्षेप



### मोबाइल टावर लगाने के विरोध में शिवसेना ने सौंपा ज्ञापन

रायपुर। शहर में मोबाइल टावर की तादाद बढ़ने के कारण विभिन्न तरह की बीमारियां कैंसर, डिप्रेशन, हृदय रोग, लकवा आदि फैल रही हैं। इसी कड़ी में न्यू चंगोरभाठा वार्ड क्रमांक-67 के निवासी के यहां मोबाइल टावर लगाया जा रहा था, जिसका विरोध करते हुए शिवसेना के पदाधिकारियों ने सोमवार को महापौर मीनल चौबे का ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर शिवसेना के पदाधिकारियों ने बताया कि टावर लगने से सांस, ब्रेन हेमरेज समेत अन्य प्रकार की बीमारी और आसपास में वाइब्रेशन होता है, मोहल्ले वाले नहीं चाहते कि यहां टावर लगाया जाए। ज्ञापन देने वालों में शिवसेना के प्रदेश प्रवक्ता संतोष शुक्ला, प्रदेश महासचिव संतोष मारकंडे, प्रदेश महासचिव सूरज साहू सहित संजू साहू, नरेंद्र प्रजापति, खिलावन साहू, प्रभार नंद देवांगन, लीलाधर यादव, नारायण साहू आदि शामिल थे।

### घड़ी चौक पर 'एक शाम शिव के नाम' कार्यक्रम 29 को

रायपुर। गुरुदेव श्रीश्री रविशंकर के आर्ट ऑफ लिविंग रायपुर परिवार की ओर से राजधानी रायपुर में एक भव्य एवं दिव्य आध्यात्मिक कार्यक्रम "एक शाम शिव के नाम" का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 29 अप्रैल को मुक्ताकाश मंच, घड़ी चौक में शाम 5 बजे से 8 बजे तक होगा। आयोजकों ने बताया कि कार्यक्रम में सोमनाथ ज्योतिर्लिंग की पावन प्रेरणा से तैयार प्रतिरूप के दर्शन, रुद्राभिषेक एवं सत्संग का आयोजन किया जाएगा, जिससे श्रद्धालु शिवभक्ति में लीन होकर आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव कर सकेंगे। यह आयोजन शहरवासियों के लिए एक दुर्लभ आध्यात्मिक अवसर है, जिसमें सभी श्रद्धालुओं को सपरिवार आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम के माध्यम से शांति, प्रेम और आध्यात्मिक जागरूकता का संदेश दिया जाएगा।

### माधव बने प्रदेशाध्यक्ष गोवर्धन महासचिव





रायपुर। कृष्ण मित्र फाउंडेशन की एक वार्षिक आमसभा संस्था के कार्यालय में सोमवार को हुई। सर्वप्रथम आमसभा में वर्ष 2025-26 का आय व्यय, लेखा-जोखा कोषाध्यक्ष संजय चंद्राकर ने प्रस्तुत किया, जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। इसके बाद पदाधिकारियों का कार्यकाल समाप्ति पर त्रिवर्षीय कार्यकाल के लए सर्वसम्मति से कृष्ण मित्र फाउंडेशन का चुनाव हुआ, जिसमें प्रदेशाध्यक्ष माधवलाल यादव को चुना गया और प्रदेश महासचिव गोवर्धन झंवर को बनाया गया। साथ ही अन्य पदाधिकारियों में वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पद पर रवि धनगर, रतन जैन, सलाहकार आभा बघेल, कोषाध्यक्ष संजय चंद्राकर, सहसचिव राजू यादव आदि को मनोनीत किए गए।

# स्वामी विवेकानंद योजना के लिए स्कूल शिक्षा विभाग ने डीईओ से मांगे नाम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

खास खबर

राज्य बजट में प्रस्तावित स्वामी विवेकानंद उत्कृष्ट योजना के क्रियान्वयन के लिए प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। राजधानी रायपुर सहित प्रदेशभर के जिला शिक्षा कार्यालयों को खत लिखकर उन स्कूलों की सूची मांगी गई है, जिन्हें इस योजना के अंतर्गत शामिल किया जाना है। रायपुर के सभी चार ब्लॉक से एक-एक नाम मांगे गए हैं।

सूत्रों के अनुसार, शुरुआती चरण में यह व्यवस्था की जा रही है कि प्रत्येक ब्लॉक में कम से कम एक विद्यालय स्वामी विवेकानंद उत्कृष्ट योजना के अंतर्गत संचालित किए जाएं। गौरतलब है कि राज्य सरकार द्वारा उच्च गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान करने के लिए स्वामी विवेकानंद उत्कृष्ट विद्यालय योजना प्रारंभ की गई है। छत्तीसगढ़ बजट 2026-27 में इस योजना के लिए 100 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। जून से प्रारंभ होने वाले नवीन शैक्षणिक सत्र से ही इस योजना के क्रियान्वयन की तैयारी चल रही है। शासकीय विद्यालयों में प्रवेश जून माह में प्रारंभ हो जाते हैं। स्वामी विवेकानंद विद्यालयों में भी इन्हीं तिथियों से प्रवेश दिए जाएंगे। प्रत्येक ब्लॉक से विद्यालयों का चयन होने के बाद इस संदर्भ में विस्तृत घोषणा की जाएगी।

**प्रदेशभर के 150 विद्यालयों को किया जाएगा योजना में शामिल**

**शैक्षणिक सत्र 2026-27 से होगी शुरुआत, दाखिले निर्धारित समय में**

### एक ब्लॉक से एक विद्यालय चुकानी होगी फीस



### स्मार्ट भवन, लैब और लाइब्रेरी जैसी सुविधाएं

स्वामी विवेकानंद उत्कृष्ट विद्यालय योजना में शामिल स्कूलों को अत्याधुनिक बनाया जाएगा। इसमें स्मार्ट भवन, लैब और लाइब्रेरी जैसी सुविधाएं होंगी। वहीं कंप्यूटर के लिए भी विशेष सुविधाएं दी जाएंगी। राज्य में वर्तमान में 751 आत्मानंद स्कूल और 343 पीएम श्री स्कूल हैं। शासन के अनुसार, स्वामी विवेकानंद स्कूल खुलने से शिक्षा व्यवस्था बेहतर करने में सहायता मिलेगी। मुख्यतः ग्रामीण ब्लॉक के स्कूलों को इस योजना में शामिल करने प्रयत्न किए जा रहे हैं ताकि गांव के छात्रों को भी शहरों जैसी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके।

### अन्य विद्यालयों के समकक्ष शुल्क

पूर्ववर्ती सरकार के शासनकाल में स्वामी आत्मानंद विद्यालय की शुरुआत की गई थी। उस दौरान इसे छात्रों के लिए पूर्णतः निशुल्क रखा गया था। छात्रों से लिए जाने वाले शुल्क के स्थान पर विद्यालयों को वार्षिक रूप से 5 लाख रुपए फंड देने की व्यवस्था की गई थी। बीते दिनों हुई बैठक में स्वामी आत्मानंद विद्यालयों में छात्रों से पुनः शुल्क लिए जाने का निर्णय लिया गया है। अन्य शासकीय विद्यालयों में छात्रों से हाईस्कूल और हायरसेकंडरी स्तर पर जो शुल्क लिए जाते हैं, वही राशि स्वामी आत्मानंद विद्यालयों में भी ली जाएगी। स्वामी विवेकानंद उत्कृष्ट योजना में शामिल विद्यालयों से भी यही शुल्क लिया जाएगा।

### विभिन्न विभागों में पेयजल समस्या काफी समय से बनी हुई है

# सरकारी दफ्तरों में पेयजल संकट, बोतलबंद पानी अपने खर्च पर मंगा रहे अधिकारी-कर्मी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

अलग खबर

राजधानी रायपुर का कलेक्टोरेट भी गर्मी के दिनों में पेयजल के संकट से गुजर रहा है। विभिन्न विभागों में पेयजल की समस्या बनी हुई है, जिसके कारण इन विभागों में बाजार से पानी की बोतलें एवं केन मंगाया जा रहा है। यह सिलसिला पिछले कई वर्षों से चल रहा है, जिसके कारण अधिकारियों-कर्मचारियों को हर महीने पानी खरीदी में ही बड़ी राशि खर्च करनी पड़ रही है।

इधर पेयजल की समस्या का निराकरण करना छोड़ उल्टे प्रशासन स्तर पर ही कांच की बोतल वाला पानी खरीदने की लगातार अपील की जा रही है। इसके तहत विभिन्न विभागों में छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन "बिहान" के अंतर्गत गठित शारदा स्व सहायता समूह द्वारा संचालित झरिया एल्कलाइन वाटर प्लांट की कांच की बोतल बंद पानी बड़ी मात्रा में खरीदा भी जा रहा है।

### आम लोग भी बंद बोतल पानी खरीदने के लिए मजबूर

कलेक्टोरेट में हर दिन अपने कार्य से सैकड़ों लोग पहुंचते हैं। कलेक्टोरेट परिसर में वाटर कूलर पानी की कमी के कारण ये लोग भी शुद्ध एवं ठंडा पानी पीने के लिए पैसे खर्च कर बंद बोतल खरीदते हैं।




### एक वाटर कूलर, इसका भी इस्तेमाल नहीं

कलेक्टोरेट परिसर में कलेक्टर के कक्ष के सामने बरामदे में एक वाटर कूलर लगा हुआ है। इसका इस्तेमाल बहुत कम कर्मचारी करते हैं। देखा जाए तो पानी की समस्या कलेक्टोरेट में सालों से है, लेकिन इस समस्या का निराकरण अब तक नहीं हो पाया है। सूत्रों से पता चला है कि कलेक्टोरेट में लगी पानी की टंकियों की नियमित रूप से सफाई नहीं होती, जिसके कारण कर्मचारी भी वाटर कूलर का पानी इस्तेमाल करने से परहेज करते हैं।



### कलेक्टर सहित आधा दर्जन से अधिक विभागों के दफ्तरों में कांच बोतल वाला पानी पहुंच रहा

कलेक्टोरेट में कलेक्टर के कक्ष से लेकर अपर कलेक्टर, संयुक्त कलेक्टर सहित अन्य अधिकारियों के दफ्तरों में झरिया एल्कलाइन वाटर प्लांट की कांच वाली पानी बोतल की सप्लाई की जा रही है। हर महीने इन अधिकारियों को बोतल बंद पानी ही पीने के लिए परोसा जा रहा है। सूत्रों के अनुसार सभी अधिकारी इन बोतलों का खर्च स्वयं वहन करते हैं। अधिकारियों के अलावा जिला पंचायत सीईओ, पंजीयन विभाग के प्रबंधक सहित अन्य कई विभागों के जिला अधिकारियों के यहां भी कांच बोतल पानी ही पहुंच रहा है।

### कई विभागों में दूसरी कंपनियों से पानी बोतल एवं केन मंगाए जा रहे

*खाद्य विभाग, आबकारी विभाग, अंत्यावसायी, योजना एवं सांख्यिकी विभाग, राजस्व विभाग, समग्र शिक्षा, कृषि विभाग सहित अन्य कई विभागों में भी पीने का पानी बाजार से ही खरीदा जा रहा है। ज्यादातर विभागों के दफ्तरों में कर्मचारियों के लिए पानी के केन मंगाए जा रहे हैं। प्रति पानी केन की कीमत 40 से 50 रुपए है। बताया जा रहा है कि स्टॉफ की संख्या के अनुसार यह केन गर्मी में कहीं 1 से 2 दिन, कहीं 3 से 4 दिन ही चल पाता है। इस तरह हर महीने में 8 से 12 पानी के केन मंगाए जा रहे हैं।*

### शेयर कर मंगाते है पानी की बोतल-केन

*कई विभागों में पानी का खर्च उस दफ्तर के कर्मचारियों को उठाना पड़ रहा है। इसके लिए कर्मचारी पैसे भी शेयर करते हैं। संख्या के अनुसार कर्मचारी पैसे शेयर कर पानी मंगाते हैं, ताकि वे शुद्ध पानी का सेवन कर सके।*

# ध्यान प्रशिक्षण के लिए कर्मचारियों को अवकाश देने पर विपश्यना ट्रस्ट ने मुख्यमंत्री का जताया आभार



हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

प्रदेश सरकार द्वारा शासकीय कर्मचारियों को विपश्यना ध्यान शिविरों में शामिल होने के लिए विशेष अवकाश दिए जाने का विभिन्न संगठनों द्वारा स्वागत किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ विपश्यना ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने शासन के इस निर्णय के लिए आभार व्यक्त किया। ट्रस्ट से जुड़े आचार्यों एवं ट्रस्टियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मिलकर उन्हें विपश्यना ध्यान की दिशा में शासकीय कर्मियों को प्रेरित करने के लिए धन्यवाद दिया। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने बताया, विपश्यना ध्यान एक प्रकार का तनाव प्रबंधन एवं सद्गुणों में वृद्धि का प्रशिक्षण है। उल्लेखनीय है कि ट्रस्ट के निवेदन पर छत्तीसगढ़ सरकार के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को तनाव मुक्ति, कार्यक्षमता में वृद्धि एवं नैतिक गुणों में संवर्धन के लिए विपश्यना शिविर में जाने के लिए 12 दिन का सवैतनिक अवकाश घोषित किया है। इसका लाभ कर्मचारी अपने सेवा काल में अधिकतम 6 बार उठा सकते हैं। प्रतिनिधिमंडल में केन्द्र आचार्य सीताराम साहू, सहायक आचार्य सत्यजीत ठाकुर, सहायक आचार्य जीआर प्रजापति, ओमप्रकाश सिंघानिया ट्रस्टी एवं सचिव पुरषोतम लाल डागा, अक्षय शर्मा, अरूण अग्रवाल शामिल थे।

### स्कूलों में भी लगाए जाएं शिविर

प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को बताया, महाराष्ट्र सरकार पिछले 15 वर्षों से विपश्यना की पहले स्टेज आनापान ध्यान का 10-10 मिनट का अभ्यास प्रतिदिन स्कूलों में 2.5 करोड़ बच्चों एवं 6 लाख शिक्षकों को करा रही है। इस कड़ी में प्रतिनिधिमंडल ने आग्रह किया कि छत्तीसगढ़ के स्कूलों में भी बच्चों के लिए 10 मिनट का आनापान तथा प्रत्येक स्कूल से कम से कम एक शिक्षक के लिए दस दिवसीय विपश्यना शिविर करवाए जाने का निर्णय लिया जाए। प्रतिनिधियों ने कहा, बच्चों में बढ़ रहे मानसिक तनाव रियेक्शन की समस्या से निपटने में 10 मिनट का आनापान ध्यान बहुत ही कारगर साबित होगा। महाराष्ट्र की तरह ही असम, दिल्ली व गुजरात के स्कूलों में भी आनापान ध्यान का अभ्यास कराया जा रहा है।

# पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के एमडी के नाम से फर्जी संदेश भेजकर साइबर ठगी की कोशिश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक राजेश कुमार शुक्ला के नाम का दुरुपयोग करते हुए अज्ञात व्यक्तियों द्वारा अधिकारियों को ठगने का प्रयास किया गया। अधिकारियों की सजगता एवं सतर्कता से ठगों के मनसूबे को नाकाम कर दिया गया है।

ट्रांसमिशन कंपनी के कुछ अधिकारियों को सोमवार दोपहर एक फर्जी मोबाइल नंबर 99315-25803 से वाट्सएप के माध्यम से संदेश भेजे गए, जिनमें स्वयं को एमडी बताते हुए यह कहा गया, वे किसी महत्वपूर्ण बैठक में व्यस्त हैं और तत्काल प्रभाव से एक बड़ी राशि 49 लाख 60 हजार 801 आरटीजीएस के माध्यम से एक निर्दिष्ट खाते में स्थानांतरित की जाए। मैसेज में बैंक का नाम, खाता संख्या, आईएफएसई कोड और लाभार्थी के संस्थान का नाम लिखा था। कंपनी के सतर्क अधिकारियों ने इस संदिग्ध संदेश को गंभीरता से लेते हुए इसकी पुष्टि करने का प्रयास किया, जिसके बाद यह स्पष्ट हुआ कि यह पूरा मामला एक सुनियोजित साइबर फ्रॉड है।



■ अधिकारियों की सतर्कता से ठगों के मनसूबे हुए नाकाम

इस घटना की जानकारी मिलते ही प्रबंध निदेशक राजेश कुमार शुक्ला ने तत्काल सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सतर्क रहने की सलाह दी और स्पष्ट निर्देश दिए कि इस प्रकार के किसी भी संदेश पर कोई प्रतिक्रिया न दी जाए तथा किसी भी स्थिति में कोई भी वित्तीय लेन-देन न किया जाए।

# जातिवार जनगणना और आरक्षण लागू करने की मांग



■ ओबीसी समाज ने पीएम के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

ओबीसी संयोजन समिति छत्तीसगढ़ के नेतृत्व में ओबीसी समाज ने जातिवार जनगणना व आरक्षण लागू करने की मांग को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। इसके साथ ही 21 अप्रैल को तूता धरना स्थल पर भारत मुक्ति मोर्चा और राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा के आंदोलन को संगठन ने समर्थन दिया है।

राजधानी में सोमवार को ओबीसी संयोजन समिति छत्तीसगढ़ के नेतृत्व में जिला मुख्यालय रायपुर के कलेक्टोरेट परिसर में संविधान बचाओ, आरक्षण लागू करो कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ओबीसी समाज और विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए। कार्यक्रम के बाद प्रधानमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में जातिवार जनगणना, 27 फीसदी ओबीसी आरक्षण लागू करने, यूजीसी में सह आरक्षण, मंडल आयोग की सिफारशों का क्रियान्वयन, न्यायपालिका में प्रतिनिधित्व और क्रीमी लेयर व एनएफएस जैसी व्यवस्थाओं की समीक्षा जैसी मांगें प्रमुख रूप से उठाई गई।

समिति के संस्थापक अधिवक्ता शत्रुहन सिंह साहू ने कहा, यह संघर्ष संविधान और सामाजिक न्याय की रक्षा के लिए है। जब तक ओबीसी समाज को उसके अधिकार पूर्ण रूप से नहीं मिलते, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

# युवा कैट बिजनेस मीट में नवाचार पर जोर प्रतिभागियों ने व्यवसाय के विस्तार पर चर्चा की

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

युवा कैट की ओर से राजधानी में बिजनेस मीट का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में प्रमुख व्यापारी, उद्यमी और विभिन्न क्षेत्रों के व्यवसायी शामिल हुए।

प्रदेश अध्यक्ष कान्ति पटेल, प्रदेश महामंत्री रतनदीप सिंह ने बताया कि बिजनेस मीट में नवाचार पर विशेष जोर दिया गया। युवा कैट के इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य व्यापारियों के बीच नेटवर्किंग को बढ़ावा देना, नए व्यापारिक अवसरों की खोज करना एवं आपसी सहयोग को मजबूत करना रहा। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने अपने विचार साझा किए और व्यवसाय के विस्तार तथा नवाचार पर सार्थक चर्चा की। एयू बैंक द्वारा बैठक में उपस्थित व्यापारियों को बिजनेस बैंकिंग, वर्किंग कैपिटल एवं वित्तीय सेवाओं से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई, जिससे व्यापारियों को अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाने में सहायता मिलेगी।

इस अवसर पर अनिल कुमार पाण्डेय सीनियर वाइस प्रेसिडेंट एवं रीजनल हेड छत्तीसगढ़ सेंट्रल इंडिया ने कहा आज के समय में व्यापार की प्रगति के लिए मजबूत नेटवर्किंग और सही वित्तीय सहयोग बेहद आवश्यक है। युवा कैट द्वारा आयोजित यह बिजनेस मीट व्यापारियों को एक ऐसा मंच प्रदान करता है, जहां वे न केवल नए संपर्क स्थापित कर सकते हैं, बल्कि अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाने के लिए प्रभावी समाधान भी प्राप्त कर सकते हैं। युवा कैट प्रदेश अध्यक्ष कांति पटेल एवं प्रदेश महामंत्री श्री रतनदीप सिंह ने कहा लगातार व्यापारियों को एकजुट कर उन्हें सशक्त बनाने की दिशा में उनकी संस्था कार्य कर रहा है। इस प्रकार के बिजनेस मीट न केवल आपसी तालमेल और विश्वास को मजबूत करते हैं, बल्कि नए व्यापारिक अवसरों के द्वार भी खोलते हैं।



### ये रहे उपस्थित

इस मौके पर मुख्य रूप से जिन पदाधिकारियों की उपस्थित रही उनमें अवनीत सिंह, कांति पटेल, रतन सिंह, विजय पटेल, विक्रांत राठौड़, विशाल वरल्यानी, राकेश गुप्ता, मनीष सोनी, अनिरब चटर्जी, खोखन कुंडू, रोनक पटेल, प्रकाश कोसरकर, अमित गुप्ता, रोहित पटेल, भावेश ठाकर, मितेश पटेल, विक्रम शर्मा, शैलेंद्र शुक्ला, हर्ष वडालिया, अंशुल ठाकुर, मानव गुप्ता, दिलीप तिवारी, प्रियंका बिसेन, रणजीत बिसेन, कमल पटेल, शिवम पटेल, डॉ. दीक्षा कुदेसिया, सीए चिराग मारू, डॉ. प्रशांत सिंह, लवेश छाबड़ा, सुनील डेविड, अमन गोयल, ज्योति प्रजापति, सीए उत्सव सिंह, ऋषि बर्नवाल, राज खेलवानी, संतनु रॉय, अनुराजन।




### भदौरिया सहायक संचालक से उप संचालक खाद्य नियंत्रक बने

रायपुर। सहायक खाद्य अधिकारी अनुराग सिंह भदौरिया को पदोन्नति दी गई है। वे दुर्ग जिले में ही उप संचालक खाद्य नियंत्रक के पद पर पदस्थ किए गए है। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग रायपुर द्वारा विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक में उनके पदोन्नति के लिए अनुशंसा की गई थी। इस संबंध में खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग के उप सचिव डा. विभोर अग्रवाल ने आदेश जारी किया है।




# बाईपास निर्माण, अवैध शराब और नकली सामग्री एवं अन्य मुद्दों पर कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मंत्री टंक राम वर्मा के तिल्दा स्थित बंगले का घेराव किया। प्रदर्शन की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौक से की गई और वहां से मंत्री टंक राम वर्मा के बंगले पहुंचे। मंत्री बंगले के सामने पुलिस के साथ धक्का-मुक्की की स्थिति भी उत्पन्न हुई।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने कहा, मंत्री टंक राम वर्मा ने चुनाव के दौरान तिल्दा में बाईपास बनाने की घोषणा की थी, लेकिन आज तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ। ऑनलाइन सट्टा धड़ल्ले से चल रहा है, अवैध शराब का बोलबाला है और पालिका क्षेत्र में सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है। जनता की समस्याओं को नजरअंदाज किया जा रहा है। हम इन सभी मुद्दों पर सख्त कार्रवाई की मांग करते हैं।

### कांग्रेस ने किया मंत्री टंक राम वर्मा के बंगले का घेराव



### ये थी मांग

प्रदर्शनकारियों ने बाईपास निर्माण की घोषणा पर अमल न होने, ऑनलाइन सट्टे के खुलेआम संचालन, अवैध शराब की बिक्री, नकली सामग्री की विक्रय, सफाई व्यवस्था की बदहाली, 500 रुपए में गैस देने के झूठे वादे, सरोरा अपहरण कांड का पर्दाफाश न होना, भाजपा नेताओं द्वारा सामाजिक जमीन की आड़ में अवैध कब्जा, एसडीएम कार्यालय के पास अवैध कब्जा, अलदा, देवरी में फर्जी एनओसी से उद्योग लगाने तथा नगर पालिका अध्यक्ष पति द्वारा व्यापारियों के साथ मारपीट जैसे गंभीर मुद्दों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया।

### ये थे मौजूद

प्रदर्शन में पाठ्यपुस्तक निगम के पूर्व अध्यक्ष शैलेष नितिन त्रिवेदी, नेता प्रतिपक्ष विजय सोनू मारखंडे, राम गिडलानी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष तिल्दा अजितेश शर्मा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ग्रामीण बलदाऊ साहू, पूर्व उपाध्यक्ष लक्ष्मी नारायण वर्मा, देवा दास टंडन, के. कृष्ण मूर्ति, नवीन अग्रवाल, ओम ठाकुर, राजेश कोटवानी, नानक छाबड़िया, सनत सेन, प्रशांत गुप्ता, नीरज राठी, कैलाश गांधी, राहुल तेजवानी, जगतू राम मंडले सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

